# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–212 । सागर, बुधवार, 20 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



आवारा मवेशियों के कारण हो रहे हादसे पृष्ठ 3

▪ नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है
▪ कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त पृष्ठ 4

▪ फिर जलकुंभ की चपेट में महेंद्र सागर तालाब पृष्ठ 6

पूर्व केन्द्रीय मंत्री बोले- जनशीर्वाद यात्रा नहीं माफी यात्रा निकाले भाजपा पृष्ठ 7


नई संसद से शुरू हुआ कामकाज

# लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश

- 2024 चुनाव में नहीं हो पाएगा लागू
- 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा
- नारी शक्ति वंदन विधेयक दिया नाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में मंगलवार को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



## प्रधानमंत्री ने दिया सुझाव

### 'संविधान सदन' के नाम से जानी जाए पुरानी इमारत

*सेंट्रल हॉल में समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मेरा एक सुझाव है। अब जब हम नई संसद में जा रहे हैं तो पुराने भवन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुराना संसद भवन बनकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसलिए मेरा आग्रह है कि यदि आप सहमत हैं तो इसे 'संविधान सदन% के नाम से जाना जाना चाहिए।' अपने 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था, '1947 में अंग्रेजों ने यहीं सत्ता का हस्तांतरण किया था, हमारा सेंट्रल हॉल उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह है।'*

### संविधान की प्रति लेकर नए भवन पहुंचे कांग्रेस सांसद

*नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद मंगलवार को संविधान की एक प्रति के साथ पुराने भवन से नए संसद भवन की ओर चले। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी सांसद गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, केसी वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, शक्तिसिंह गोहिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, ए. रेवंत रेड्डी, डीएमके नेता कनिमोझी और अन्य लोग पुराने संसद भवन से निकलते समय संविधान की प्रति लेकर चले। इसके बाद वे संविधान की प्रति के साथ नए संसद भवन में दाखिल हुए। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया था कि पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' के रूप में जाना जाना चाहिए, जिस दिन सभी विधायी कार्य नए संसद भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे।*

### अधीर रंजन ने संसद भवन की स्मृतियों को किया याद



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि संसद की पुरानी इमारत से देश ने औपनिवेशिक अतीत से स्वतंत्र भारत तक की यात्रा देखी है और लोगों ने देश की नियति में बदलाव देखा है। सेंट्रल हॉल में पुराने संसद भवन की स्मृति में एक विशेष समारोह को संबोधित करते हुए, चौधरी ने कहा, इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिना कोई शिकायत किए और बिना कोई शब्द कहे, मुझे कहना होगा कि मैं इस मंच पर खड़ा होकर गौरवान्वित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। दिग्गजों की आकाशगंगा के बीच में ऐतिहासिक घटनाओं और कई महत्वपूर्ण घटनाओं का एक कारवां देखा था, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित सदन में भारत के संविधान को तैयार करने के लिए अपना दिमाग लगाया और आधी रात को तेल जलाया था जिसे संविधान सभा कहा जाता था। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें उन सभी पर गर्व है। उन्होंने पुराने संसद भवन की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि इसी सदन में 22 जनवरी वर्ष 1947 को उद्देश्य प्रस्ताव संख्या 8 पारित किया गया था और अपनाया गया था, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्तावित किया था, जो बाद के चरणों में संविधान को आकार देने के लिए आवश्यक था। .

### अमित शाह व अधीर रंजन में हुई बहस

सरकार द्वारा महिला आरक्षण को लेकर नया बिल पेश करने पर सवाल उठाते हुए हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने कई बार कोशिश किया। लेकिन, यह कभी लोकसभा से पास हुआ तो राज्यसभा से नहीं हुआ और कभी राज्यसभा से पास हुआ तो लोकसभा से नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य सभा से पास महिला आरक्षण बिल आज तक जीवित है तो फिर यह नया बिल क्यों लाया गया? अधीर रंजन चौधरी के दावे को गलत बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में खड़े होकर बताया कि अधीर रंजन चौधरी ने दो बातें गलत कही है और या तो वह इसे साबित करें या इसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाए।

## सोनिया के साथ बैठे सिंधिया



मंगलवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम के शुरू होने से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वयं आगे बढ़कर सबसे आगे की पंक्ति में बैठी सोनिया गांधी के पास जाकर उनका अभिवादन किया। सिंधिया ने कुछ देर खड़े रहकर सोनिया गांधी और उनके बगल में बैठे अधीर रंजन चौधरी से बात भी की। बाद में सिंधिया बगल की दूसरी वाली पंक्ति में आगे की सीट पर जाकर बैठ गए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सोनिया गांधी के साथ बैठे अधीर रंजन चौधरी और मल्लिकार्जुन खरगे जब मंच पर चले गए तब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी सीट से उठकर सोनिया गांधी की सीट पर आ गए और सोनिया गांधी ने अपनी सीट से खिसक कर सिंधिया को बैठने की जगह दी। इसके बाद पूरे कार्यक्रम के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया और सोनिया गांधी एक साथ एक ही टेबल वाली सबसे आगे की सीट पर बैठे रहे।

## महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी 'जुमला': कांग्रेस

महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार भले ही इसे अपना मास्टर स्टोक मान रही हो,लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे जुमला करार देते हुए देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अपनी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सबसे बड़ा जुमला है। यह विधेयक देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बडा विश्वासघात है। उन्होंने लिखा कि वे पहले भी बता चुके हैं कि मोदी सरकार ने अभी तक 2021 में होने वाली जनगणना नहीं कराई है। जयराम में दावा किया कि भारत जी-20 का एकमात्र देश है,जो जनगणना कराने में विफल रहा है।

**महिलाओं की उम्मीदों के साथ बड़ा धोखा**

जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज

# कनाडाई राजनयिक को सरकार ने किया निष्कासित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया।

**निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का लगाया था आरोप**

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।

# मणिपुर में बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के घाटी इलाकों में विभिन्न नागरिक समाज संगठनों ने पांच 'ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवकों' की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर राज्य भर में 48 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसके चलते इलाकों में मंगलवार को सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने शनिवार को वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

इस गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रविवार को बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं विरोध प्रदर्शन करने निकले और गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन पर धावा बोलने की कोशिश की। संयुक्त सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागकर थाने पर हुए हमले को विफल कर दिया। हाथापाई में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान सहित कई पुरुषों और महिलाओं को मामूली चोटें आईं। घाटी के पांच जिलों में बंद के मद्देनजर सुरक्षा बलों सहित सभी प्रकार के वाहन सड़कों से नदारद रहे, अंतर-जिला, अंतर-राज्य बसें और ट्रक नहीं चले। घाटी के पांच जिलों, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में बाजार, दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बैंक, सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान बंद भी रहे।






जन आशीर्वाद यात्रा : शिवराज और धामी का हुआ जोरदार स्वागत, खुरई को मिली कई सौगातें

# बरोदिया में कॉलेज और बांदरी में आईटीआई खुलेंगे



**सागर, देशबन्धु।** जन आशीर्वाद यात्रा के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खुरई की जनता ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खुरई को कई सौगातें दी। उन्होंने मंत्री भूपेंद्र सिंह के मांगपत्र पर बरोदिया कलां में कॉलेज, खुरई सिविल अस्पताल का 150 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन, बांदरी में आईटीआई खोलने, रजवांस में 132 केवी, विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने की घोषणाएं की हैं। श्री चौहान ने भोपाल, बीना, खुरई, सागर मार्ग को औद्योगिक कारीडोर के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। इस मार्ग की पूरी सरकारी भूमि को औद्योगिक उपयोग के लिए रिजर्व कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने मंच से खुरई के उद्योगपतियों और युवाओं से आव्हान किया कि आगे आकर उद्योग लगाईए और युवाओं को मैं ऋण की सुविधा दूंगा, ताकि वे भी अपने उद्योग, कारखाने, ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

**खुरई अस्पताल अब 150 बिस्तरों का होगा**

### विकास पुरुष हैं भूपेन्द्र : शिवराज

इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भूपेंद्र सिंह मेरे मंत्री हैं और मित्र हैं। वे सिर्फ खुरई का ही विकास नहीं कर रहे हैं बल्कि प्रदेश के नगरीय निकायों का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। यह सही है कि प्रदेश में सर्वाधिक विकास कार्य खुरई में हुए हैं। भूपेंद्र जी विकास पुरुष हैं, उनमें विकास की तड़प है, ललक है। यहां आकर देखिए विकास बोलता है। देखिए उन्होंने आज फिर मांगों की सूची थमा दी।

### वीरों की भूमि है बुंदेलखंड : धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड यदि देवभूमि है तो बुंदेलखंड वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री का दिल हमेशा जनता के लिए धड़कता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की वैश्विक ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व का सिरमौर और शक्तिशाली बनाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2003 की तुलना में आज का मध्यप्रदेश विकसित और समृद्ध है। बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री धामी में सागर में बिताए बचपन के दिनों का भी जिक्र किया।

### मुख्यमंत्री फिर शपथ लेंगे : भूपेन्द्र

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश और खुरई के लिए ईश्वर का वरदान बताया। उन्होंने कहा कि यहां जो कुछ भी बीते 7 सालों में हुआ, वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ही दिया हुआ आशीर्वाद है। खुरई और मैं उनका ऋण कभी नहीं चुका सकते। श्री सिंह ने कहा कि हमारी जीवन रेखा बीना नदी परियोजना को आज भाजपा सरकार ने पूरा किया है। इसका 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और मुख्यमंत्री के रूप में फिर शपथ लेने के बाद शिवराज सिंह चौहान ही इसका लोकार्पण करेंगे।

## सार-समाचार

### मुख्य बस स्टैंड पर वितरित हुई गणेश प्रतिमाएं



**सागर, देशबन्धु।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर डॉ. हरि सिंह गौर मुख्य बस स्टैंड पर पं. विनय चौबे, अवधेश तिवारी और सनातन समाजसेवी दिनेंद्र पांडे द्वारा श्रद्धालुओं को मिट्टी के गणेश की 101 प्रतिमाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश गुरु, देवेंद्र वैद्य, उमेश शुक्ला, कमल सूर्यवंशी, आदित्य खटीक, सुरेंद्र जोगी, सौरभ शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

### नीलेश कुमार अहिरवार जिलाध्यक्ष नियुक्ति



**सागर, देशबन्धु।** अहिरवार समाज संघ भारत जिला सागर की कार्यकारिणी द्वारा ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर नीलेश कुमार अहिरवार को नियुक्ति प्रदान की गई। जिसमें समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रांतीय सचिव एचडी अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अहिरवार, जिलाध्यक्ष रामप्रसाद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मोहन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सब्जी वाले, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शारदा अहिरवार उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने नीलेश कुमार अहिरवार को ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष को बधाई दी एवं इनसे समाज में व्याप्त कुरीतियों और नशामुक्ति पर समाज को जागरूक करने का आव्हान किया।

### विपरीत बुद्धि वालों के प्रति माध्यस्थ भाव रखें: डॉ. आशीष जैन

**सागर, देशबन्धु।** दशलक्षण महापर्व के पावन प्रसंग पर श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर वर्णी कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए सांगानेर के वरिष्ठ विद्वान डॉ. आशीष जैन आचार्य ने कहा सज्जनों के प्रति मित्रता का भाव, गुणीजनों के प्रति प्रमोद का भाव, दुष्ट जीवों पर कृपा का भाव, विपरीत बुद्धि वालों के प्रति माध्यस्थ का भाव धारण करें। ऐसे भाव बनाने से उत्तम क्षमा जीवन में निश्चित ही प्रकट होती है। क्षमा धर्म के विषय में आगे आचार्य भगवन कहते हैं मैंने इसका अपराध किया नहीं तो भी यह पुरुष मेरे पर क्रोध कर रहा है, गाली दे रहा है, मैं तो निरपराधी हूँ ऐसा विचार कर उसके ऊपर क्षमा करनी चाहिए। इसने मेरे असद्दोष का कथन किया तो मेरी इसमें कुछ हानि नहीं है, अथवा क्रोध करने पर दया करनी चाहिए, क्योंकि यह दीन पुरुष असत्य दोषों का कथन करके व्यर्थ ही पाप का अर्जन कर रहा है। यह पाप उसको अनेक दु:खों को देने वाला होगा। इसने मेरे को गाली ही दी है, इसने मेरे को पीटा तो नहीं है, अर्थात् न मारना यह इसमें महान गुण है। इसने गाली दी है परंतु गाली देने से मेरा तो कुछ भी नुकसान नहीं हुआ अत: इसके ऊपर क्षमा करना ही मेरे लिए उचित है ऐसा विचार कर क्षमा करनी चाहिए। ऋण चुकाने के समय जिस प्रकार अवश्य साहूकार का धन वापस देना चाहिए उसी प्रकार मैंने पूर्व जन्म में पापोपार्जन किया था अब यह मेरे को दु:ख दे रहा है यह योग्य ही है। यदि मैं इसे शांत भाव से सहन करूंगा तो पाप ऋण से रहित होकर सुखी होऊंगा। ऐसा विचार कर रोष नहीं करना चाहिए।

### नगर निगम द्वारा नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर आज

**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार आज दोपहर 2 बजे निगम सभाकक्ष में नामांतरण प्रकरण निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 200 प्रकरणो का निराकरण कर संबंधित आवेदको को स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे।

### समर्पण में स्वर्ग है और अहंकार में नर्क, जीभ के समान मृदु बने, दांत के समान कठोर नहीं: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** अहंकार में नहीं, ओंकार में जियो। जहां प्रतिष्ठा प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा है, वह सब अहंकार की देन है। आज मार्दव धर्म पर, मैं को हटाने का और मृदुता समर्पण पाने का दिन है। अहम के शिखर पर बैठा व्यक्ति, समर्पण की भाषा नहीं बोल सकता। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि लघुता में प्रभुता बसती है। मान बढाई के लिए, नाक की चिन्ता के लिए कि मैं कुछ हूं। समर्पण में स्वर्ग है और अहंकार में नरक। जीभ के समान मृदु बने, दांत के समान कठोर नहीं। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की दस लक्षण महापर्व महोत्सव पर प्रात: काल से रात्रि तक कार्यक्रमों में अपार जन समूह ने धर्म लाभ लिया। श्रद्धा, आस्था, समर्पण के साथ श्रद्धालुओं ने अभिषेक शांति धारा, दस लक्षण पूजन विधान, ध्यान, प्रतिक्रमण, प्रवचन, तत्वार्थ सूत्र वाचना एवं प्रतियोगिता में अपार भीड़ से प्रथम दिन ही मंदिर समिति को अथक मेहनत करनी पड़ी। मंदिर जी में नवीन बेदी बनाने के बाद भी श्रद्धालुओं की संख्या में बड़ी तादाद में इजाफा हुआ है। हर्षोल्लाह के वातावरण में सभी ने पर्यूषण पर्व पर उपवास, एकासन, बाजार की वस्तुओं का त्याग एवं साधना पूर्वक मनाने का मुनि संघ के समक्ष संकल्प लिया।

श्रावक संस्कार शिविर, तत्वार्थ सूत्र विधान शुरू

# विश्व शांति के लिये प्रबल सूत्र है क्षमा धर्म: मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मंगलवार से पर्वराज पर्यूषण पर्व महोत्सव शुरू हो गया। दशलक्षण पर्व के आरंभ होने को लेकर जैन समाज के लोगों में उत्साह है। वहीं साधनामय वर्षयोग समिति, सभी जिनालय की सहयोगी संस्था सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में बड़ा मंदिर परिसर में मुनिश्री विरंजन सागर ससंघ के सान्निध्य में पर्यूषण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म के साथ साधनामय श्रावक संस्कार शिविर और तत्वार्थ सूत्र विधान का घटयात्रा, मंडप शुद्धि, ध्वाजारोहण और भगवान जिनेंद्र के अभिषेक के साथ प्रारंभ हुआ। पहले दिन के सभी इंद्रों शिविरार्थियो ने कलशों से भगवान जिनेंद्र का अभिषेक उपरांत मुनिश्री विरंजन सागर महाराज के मुखारबिंद से इंद्रों ने कलशों से भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ अभिषेक शांति धारा हुई। इंद्र-इंद्राणियों ने भगवान जिनेंद्र की भक्ति नृत्य करते हुए दीपों से भव्य आरती उतारी। मुनिश्री के ससंघ सानिध्य में सुबह इंद्र-इंद्राणियों ने भक्ति नृत्य करते हुए भगवान जिनेंद्र के समक्ष महाअर्ध्य समर्पित किए। विधानाचार्या प्रवीण शास्त्री तिगोड़ा और पं. वीरचंद नरवा द्वारा विधान पूजन शिविर की क्रियाएं सम्पन्न कराई गई। बाहर से आए भक्तों ने मुनि श्री से आशीर्वाद की प्राप्ति उपरांत सभी के माथे पर चंदन का तिलक लगाकर धर्म पट्टी पहनाकर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पदम सेठ, मनीष राजेश लल्लू सिंघई, नरेंद्र शाह, प्रदीप अरविंद, राजकुमार अदावन ने सम्मान किया।

मुनिश्री विरंजन सागर ने उत्तम क्षमा पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म नर से नारायण, पाप से पुण्य, दु:ख से सुख, भक्त से भगवान की ओर ले जाता है। क्षमा, धर्म, विश्व शांति का प्रबल मंत्र है। क्रोध न करें इसी का नाम क्षमा है, क्षमा मांगने की नहीं स्वयं के अंदर उतारने की आवश्यकता है। जैसे रूप का आभूषण गुण है, गुण का आभूषण ज्ञान है, ज्ञान का आभूषण क्षमा है ऐसे क्षमा धर्म को हमें अपने जीवन में हरपल अपनाना है वर्तमान में जो विश्व व्यापी समस्याएं जड़वत हैं छोटी-छोटी बातों में अहम के कारण एक देश दूसरे देश से युद्ध की बात सोचते हैं और धमकियां देने लगता ह, क्षमा धर्म को अपनाने से यह समस्या स्वमेव ही दूर हो जाएगी। विश्व शांति के लिए प्रबल सूत्र है क्षमा धर्म।

### पर्यूषण पर्व पर श्रावक श्राविकाएं जैन से जिन बनने का अवसर

इन 10 दिनों में जैन से जिन बनने के लिए जैन साधनामय संस्कार शिविर में तीन सौ से अधिक श्रावक-श्राविकाएं नियम और संयम का पालन करते हुए एकासन उपवास के द्वारा आत्मा को कसने का उपक्रम किया जाता है। पर्यूषण पर्व आत्मा के अनुसंधान का पर्व है। नियम, व्रत और उपवास से मन को दृढ़ बनाया जाता है। एकासन में श्रावक-श्राविकाएं एक स्थान पर बैठकर मौन पूर्वक भोजन करते हैं। पर्युषण पर्व के दौरान श्रावकों को नियम और संयम से रहते हैं साथ ही आकुलता न हो इसके लिए शक्ति अनुसार उपवास करते हैं।

#### पर्यूषण पर्व पर इन 10 धर्मो की होगी पूजन

चार्तुमास समिति के मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन ने बताया कि दिगंबर जैन समाज में पर्यूषण पर्व दशलक्षण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा, दूसरे दिन उत्तम मार्दव, तीसरे दिन उत्तम आर्जव, चौथे दिन उत्तम सत्य, पांचवें दिन उत्तम सोच, छठे दिन उत्तम संयम, सातवें दिन उत्तम तप, आठवें दिन उत्तम त्याग, नौवें दिन उत्तम आकिंचन और दसवें दिन ब्रह्मचर्य। अंतिम दिन क्षमावाणी के रूप में मनाया जाता है। दशलक्षण पर्व के दौरान जिनालयों में धर्म प्रभावना की जाएगी। शाम को आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### नगर में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में श्रीगणेश उत्सव का धूमधाम से श्री गणेश हुआ। जगह-जगह रिद्ध-सिद्धि के देवता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थानों एवं घरों में भक्तिभाव से स्थापना की गई। यह दौर सुबह से देर रात तक चलता रहा। गणेश उत्सव को समूचे क्षेत्र में उत्साह है। सुबह से श्री गणेश प्रतिमाएं लेकर भक्त बड़ी उत्साह के साथ पंडालो, घरो में ढोल ढमाकों के साथलेकर पहुचे विधि विधान से उनकी स्थापना कराई गई। नगर पंचायत के सभागार में रिद्धि सिद्धि के देवता गणेश जी प्रतिमा विधि विधान से स्थापना कराई गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिक अधिकारी संजय गीते, लेखाधिकारी रचित सेन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण के साथ पर्युषण महापर्व की आराधना शुरू



**मालथौन, देशबन्धु।** मंगलवार को जैन धर्म के पर्युषण महापर्व शुरू हो गए। श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में दशलक्षण महापर्व के अवसर पर श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से आये विद्वान प्रवीण शास्त्री के मंगल सान्निध्य में महापर्व की पूजा अर्चना प्रारंभ हुए। पहले दिन उत्तम क्षमाधर्म को धारण कर दस धर्मो की दस दिनों पूजन आराधना होगी। जैन गंज मंदिर में प्रभात बेला में श्रीजी का अभिषेक पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रावक श्रेष्ठी पूजन के बस्त्रो में पहुचकर धर्मलाभ अर्जित किया। श्रीजी अभिषेक के उपरांत शांतिधारा मंत्रो उच्चारण से संपन्न हुई। शांतिधारा पात्र चयन के माध्यम से जिसका सौभाग्य जिनेद्र कुमार और सुबोध चौधरी को प्राप्त हुआ। तद्पश्चात सामूहिक रूप से नित्यपूजन भक्ति भाव से की। प्राम्भिक बेला में नगर के जिनालयो के शिखरों पर धर्म ध्वजारोहण किया गया। दोपहर में तत्त्वार्थसूत्र का वाचन और विधान का आयोजन हुआ। संध्या में श्रीजी की संगीतमय आरती और पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष योगेश कठरया, कंच्छेदी लाल सेठ, ताराचंद मोदी, रमेश कुमार हिरंक्षिपा सहित सकल समाज उपस्थित रही।

# विश्वविद्यालय ने मनाया दो दिवसीय नो एब्यूज-डे




**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में 16 सितम्बर को शुरुआत करके 17 सितम्बर नो एब्यूस-डे के अवसर पर विवेकानंद पुरुष छात्रावास में कार्यक्रम का समापन हुआ। विश्वविद्यालय आंतरिक परिवाद समिति की प्रिसाइडिंग ऑफिसर प्रो. अस्मिता गजभिए के नेतृत्व में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत पांचवा नो एब्यूज-डे मनाया गया आंतरिक परिवाद समिति से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्यवक्ता के रूप में समिति सदस्य एवं वैचारिक स्वच्छता अभियान की प्रणेता डॉ. वंदना गुप्ता ने 17 सितम्बर 2019 से प्रथम नो एब्यूस-डे पर प्रकाश डालते हुए, पांचवे नो एब्यूज-डे के अवसर पर सभी को मां बहन बेटी की गलियों के साथ साथ बोलचाल की भाषा में बोले जाने वाले अन्य अश्लील शब्दों को भी जीवन में कभी भी न बोलने का संकल्प दिलाया। इन पांच वर्षों में इस अभियान के व्यापक सकारात्मक परिणाम की जानकारी भी दी। सभी छात्र-छात्राओं ने वैचारिक स्वच्छता अभियान से जुड़कर समाज से इस गंदगी को दूर करने का संकल्प लिया। समिति सदस्य डॉ. किरण माहेश्वरी एवं डॉ. अनुपमा सक्सेना द्वारा आंतरिक परिवाद समिति के कार्य एवं कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गयी। खुले प्रश्न मंच के दौरान विद्यार्थियों की बहुत सी जिज्ञासाओं का समाधान मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्टल वार्डन डॉ. नवजोत कौर, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. प्रीति बागड़े, डॉ. वीरेंद्र मटसेनिया एवं दिनेश तोमर सहित कई लोगों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वालों की अस्पताल में भीड़ जमा हुई। गुस्साये परिवार वालों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार देव पुत्र राकेश पटैरिया उम्र 19 साल निवासी पथरिया हाट को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर में देव सड़क पर जा गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना की सूचना पर घायल को भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देव की मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साये परिवार वालों ने कृषि उपज मंडी के पास स्थित ठाकुर बाबा मंदिर के पास सड़क पर चक्काजाम कर दिया। उन्होंने दुर्घटना कर भागे वाहन को जब्त करने और चालक पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पर पुलिस पहुंची और कार्रवाई आश्वासन दिया। जिसके बाद परिवार के लोग माने और सड़क से हटे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। दुर्घटना कर भागे वाहन की तलाश की जा रही है।

### पर्युषण पर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म के रूप में मनाया



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर बांदरी एवं पिठौरिया में पर्यूषण पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। साल भाद्रपद माह में जैन समाज के लोगों द्वारा पर्युषण पर्व मनाया जाता है 19 सितंबर से दिगंबर जैन पंथ के पर्युषण पर्व की शुरुआत हो चुकी है जिसकी समाप्ति 29 सितंबर को होगी दिगंबर जैन का पर्युषण पर्व 10 दिनों तक चलता है पर्युषण पर्व में त्याग, तपस्या और क्षमायाचना हैं यह पर्व इन्हीं कर्तव्यों की महत्ता को बताता है और इस पर चलना सिखाता है मान्यता है कि जैन धर्म के इन कर्तव्यों पर चलने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। जैन धर्म के महापर्व पर्यूषण पर्व में बाल ब्रह्मचारी अजय भैया के सानिध्य में प्रात: सुबह 7.30 से 1008 श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा होती है। पर्यूषण पर्व के पहले दिन जैन समाज के युवाओं ने दिगंबर जैन मंदिर पिठौरिया में उत्तम क्षमा के शुभ अवसर पर भगवान का कलश अभिषेक, शांतिधारा किया इसी के साथ भगवान जी के शांति धारा करने का सौभाग्य सौरभ जैन को प्राप्त हुआ वही शाम के समय श्री जी की भव्य आरती भी की जाती है श्रद्धालु झूम कर श्री जी को नमन करते हुए भक्ति में झूम उठते हैं भगवान का अभिषेक संजय जैन, अमित जैन, सानू जैन, कमलेश जैन ने किया।

### नगर निगम घेराव एवं जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम सागर में व्याप्त अनिमिताओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर 26 सितम्बर मंगलवार को दोपहर 1 बजे तीन मढ़िया एमपीईवी कार्यालय के पास सभी कांग्रेसजन एवं नागरिक इक्ठठा होकर नगर निगम सागर कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके लिए मंगलवार को निधि सुनील जैन, नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह यादव एवं उपस्थित कांग्रेस पार्षदों के तत्वाधान में बैठक का आयोजन सुनील जैन के निवास पर संपन्न हुआ साथ ही बुन्देलखण्ड अंचल के जनआक्रोश रैली के प्रभारी अरूण यादव के सागर आगमन को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व बीएलओ के साथ वार्ड के प्रमुख कांग्रेसजन बीएलए, मण्डलम, सेक्टर के प्रभारी एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारी मतदाता सूची में सुधार एवं पुननिरीक्षण हेतु आवश्यक रुप से संपर्क कर सहयोग करें। बैठक में अशोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सुहाने, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, प्रदीप गुप्ता, अमित रामजी दुबे, विजय साहू, रामकुमार पचौरी, चैतन्य पाण्डेय, सिन्टू कटारे, सुलतान कुरैशी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** चित्रकला मनोभावों को उकेरने का सशक्त माध्यम है। इसी भावना को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु हिन्दी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से सुंदर चित्र पोस्टर पर उकेरे। इस अवसर पर प्रभारी हिन्दी अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक संतोष सोहगौरा तथा राजभाषा प्रकोष्ठ से अभिषेक सक्सेना एवं विनोद रजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुप्रभा दास ने बताया कि चित्रकला को करियर के रूप में अपनाकर न केवल अपने मनोभावों को व्यक्त किया जा सकता है बल्कि यश एवं धन भी अर्जित किया जा सकता है। प्रतियोगिता का विषय राजभाषा का विकास एवं विस्तार था। विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 14 से 29 सितम्बर तक किया जा रहा है जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं जिनके परिणामों की घोषणा 29 सितम्बर को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में की जायेगी।

# चाय पर परिचर्चा करने से आती है मन की बात सामने: शैलेष केशरवानी



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के तय कार्यक्रम अनुसार मंगलवार को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश के सह संयोजक विभास केसरवानी द्वारा चाय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी उपस्थित हुए। परिचर्चा में शहर के व्यापारीगण, कंपनी के शहर के बुद्धिजीवी चर्चा में शामिल हुए और अपने सुझाव दिए। आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक विभास केसरवानी ने बताया कि जो आपके द्वारा सुझाव दिए जाएंगे उन्हें भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव में उन मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। और उन सभी सुझावों पर अमल करने का कार्य भी करेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने शैलेश केशरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में जितना विकास हुआ है उतना कांग्रेस के 70 सालों के कार्यकाल में नहीं हुआ। भारतीय जनता पार्टी सदैव ही सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारी बिष्णु साहू ने सुझाव देते हुए कहा अगर प्रदेश में अतिक्रमण पर ध्यान दिया जाए तो बहुत सी समस्या समाधान होंगी। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र केसरवानी, पवन ठाकुर, राहुल समैया, अमित नामदेव, नरेंद्र साहू, शैलेश नामदेव, अजय पटेल, गब्बर अजवानी, सुरेंद्र तिवारी, विक्रम साहू, सूरज रामचंदानी, भूपेंद्र हसरेजा सहित बड़ी शहर के लोग उपस्थित रहे।

# हिंदी देश के माथे की बिंदी है: आशीष ज्योतिषी

**मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया**



**सागर, देशबन्धु।** मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई सागर द्वारा गत दिवस पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टिट्यूट में हिन्दी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना/पूजा के साथ विधिवत् रूप से शुरुआत की गई। उक्त काव्य गोष्ठी का संचालन कवि कुमार सागर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हे राम तुम्हारे चरणों काए मुझको जो सहारा मिल जाए। इस डूबती जीवन नैया को, अनुराग किनारा मिल जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था वरिष्ठ कवि पूरन सिंह राजपूत ने की उन्होंने कहा जैसा हूं मैं वैसा ही हमेशा बना रहा, कुछ और हूं कभी ये दिखावा नहीं किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक तिवारी अलख ने कहा तुम जो हरदम मुस्कुराते रहते हो, ये तो बताओ इतनी खुशियां कहां से लाते हो। मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने कहा कि हिंदी देश के माथे की बिंदी है यह हमारा गौरव है हिंदी भाषा दूसरे शब्दों को आत्मसात करके समृद्ध बनी है। विश्व स्तरीय स्वरूप भारत के हिंदी फिल्म उद्योग ने किया है। काव्य गोष्ठी में पीआर मलैया ने कहा कि मानव धुतकारा जाता हो, पूछते हो पाषाण यहां। बोलो हो संभव कैसे न्यायोचित जनकल्याण वहां। मुकेश तिवारी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विराजित श्री गणेश से करता हूं प्रार्थना। मनी देव ठाकुर ने कहा भनेजनो के ब्याव बेनों खो हजार दे रये। जीजा से काय कैसी दुश्मनी भंजाई है। प्रभात कटारे ने कहा कि सोला में सोला से उभरे छाती देख छुड़ानी। रूप तुमाओ ऐसो गोरी, सब रे पानी पानी। कपिल चौबे ने कहा कि तुम सांझ सजा के बैठी हो, मैं रात जगा के बैठा हूं। तुम आओगी जीवन में मेरे, मैं आस लगा कर बैठा हूं। आदर्श दुबे ने कहा नैनो से ओझल हुआ कल्पना का चंद्रमा। और तुमको नवक्रिया विस्तार बतलाना भी है। एसआई कमल किशोर मोर्य दानी ने कहा ख्वाब में ही दिखाई देता है। उसका नजरों में घर रहा होगा। डॉ. नलिन जैन नलिन ने कहा जुल्फउड़ के तुम्हारी मुझे छू गई, इश्क महक जहां में खुमां छा गया। पास हूं मैं तुम्हारी ये कुछ काम नहीं, देह लहराता आंचल मुझे भा गया। अमित अठिया ने कहा दूर बदला हुआ अब मैं कैसे कहूं है गरीबी बड़ी और भुजबल वही महेश सोनी दर्पण ने कहा हर कोई चमकता, सितारा नहीं, हर एक कश्ती को, किनारा नहीं, धोखा मिलेगा, अक्सर तुम्हें, समझो उसे तुम, सहारा नहीं सुरजीत सिंह अजनबी ने कहा कछु नहीं होने हजार में बाजार में। सूरज चौधरी ने कहा मुझे कहना है सब ठीक है। बालकवी आर्यन कटारे ने कहा नंगे हैं पांव और करेजे में घाव है। सब ने गरीबों खो लूट लूट खाओ है ने शानदार गीत, गजल एवं कविताओं की प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ साहित्यकार वृंदावन राय सरल ने काव्य पाठ के साथ उपस्थित सभी साहित्यकारों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कस्बे कस्बे खुल गए, अंग्रेजी स्कूल। मुरझाने से रोकना, तुम हिंदी के फूल और कार्यक्रम में श्रोता के रूप में शिव कुमार कुशवाहा, अंकित चढ़ार और पवन कुशवाहा उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे वार्डवासी




**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आए शहर के वार्ड नंबर 17 के रहवासियों ने आवेदन देकर बताया कि उनके वार्ड में लगभग दौ सैकड़ा परिवार रहते हैं लेकिन आज भी उनके वार्ड में बिजली और सडक़ जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं जिस कारण से वार्डवासी खासे परेशान हैं। वार्ड 17 छत्रसाल नगर के निवासी आर्मी के जवान पुरुषोत्तम अहिरवार ने बताया कि उनके वार्ड के समीप ही सीएम राइज स्कूल बनाया जा रहा है लेकिन उनके वार्ड में न तो सडक़ है और न ही बिजली की सुविधा जिस कारण से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि वार्ड में स्कूल के वाहन नहीं जा पाते जिस कारण से यहां के लोगों को अपने निजी वाहनों से बच्चों को स्कूल छोडऩे के लिए जाना पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली न होने से भी परेशानी है। कलेक्टर को आवेदन देकर वार्डवासियों ने समस्या का निदान कराने की मांग की है।

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 25 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर शहर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छतरपुर में सोमवार 25 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया है।

प्राचार्य आईटीआई छतरपुर ने बताया कि इस मेले में बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्लेसमेंट के जरिए विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेगे। इच्छुक 16 वर्ष से अधिक के समस्त बेरोजगार अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों सहित छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ मेले में उपस्थित हो सकेंगे। यह भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों की शर्तों के अनुसार की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के कॉल सेंटर नम्बर 155267 पर अथवा जिले के संबंधित शासकीय आईटीआई में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते है।

### विश्व में क्षमा से बढक़र अन्य कुछ नहीं



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में निर्माणाधीन जैन पंचायती मन्दिर में आचार्य विराग सागर महाराज की परम् शिष्या आर्यिका विबोध श्री माता ससंघ का चातुर्मास चल रहा है जिनके सानिध्य में पर्वराज पर्युषण पर्व भी मनाया जा रहा है। प्रथम दिन सुबह श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और आरती की गई। दोपहर में विबोध श्री माता जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में क्षमा से बढक़र अन्य कुछ नहीं है। क्षमा और उदारता वहीं सच्ची है, जहां स्वार्थ का भी वास न हो क्षमा से व्यक्ति फूल सा हल्का हो जाता है। इसका विपरीत तत्व है क्रोध, क्रोध की दोहरी तलवार मान के स्थान में रहती हैं। क्षमा उनसे मांगे जिनसे हमारी बनती नहीं है। क्षमा न करने से व्यक्ति तनाव ग्रस्त रहता है। क्षमा वंदनीय है, क्षमा जिंदगी, क्षमा साधना, क्षमा प्रार्थना आदि है। भारत एक ऐसा देश है जिसने हमेशा दुश्मन की भूलों को भी क्षमा किया है। इस अवसर पर आलोक जैन तहसीलदार, पवन देवडिय़ा, राजकुमार जैन, प्रमोद जैन, मयंक देवडिय़ा, नितिन चौधरी, पंकज जैन, अमित जैन, संजीव जैन, संदीप पीली दुकान, विमल जैन, विक्की जैन, नितिन सिंघई, सन्नी मोदी, रितिक शाह, संकल्प जैन, पवन जैन बाटू सहित सभी धर्मप्रेमी महानुभाव मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों के कारण हो रहे हादसे

### खूनी हुई फोरलेन



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में संचालित तमाम गौशालाओं का सही ढंग से संचालन न होने के चलते इन दिनों फोरलेन सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर आवारा पशु काल बनकर घूम रहे हैं। दरअसल सडक़ों पर बैठने वाले इन आवारा पशुओं के कारण हर रोज सडक़ दुर्घटनाएं हो रही हैं जिनमें कई लोग जख्मी होते हैं, जबकि कईयों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इसके अलावा दुर्घटनाओं में मवेशियों की भी मौत हो रही है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों ने इस समस्या को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। जिला प्रशासन भी मामले में चुप्पी साधे हुए है। सूत्रों की मानें तो जिले की ज्यादातर गौशालाएं सूनी पड़ी हैं और आवारा जानवर सडक़ों पर बैठ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक झांसी-खजुराहो फोरलेन पर रात के वक्त सैकड़ों आवारा जानवर बैठते हैं, जिस कारण से रोज बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह हाल सिर्फ हाईवे का नहीं, जिले के अन्य मार्गों पर भी ऐसे ही हालात हैं। फोरलेन पर हालात ऐसे हैं कि शाम होने के बाद कोई भी वाहन 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज नहीं चल पाता। इससे तेज गति वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में जो दूरी एक घंटे में तय होती है उसे तय करने में लगभग तीन गुना समय वाहन चालकों को लग रहा है। आम वाहन चालकों के अलावा कई मर्तबा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहन भी समय पर अपने गंतत्व तक नहीं पहुंच पाते। आवारा मवेशियों के कारण फोरलेन पर चलना लोगों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।

### छतरपुर जनपद में 14 गौशालाएं, ज्यादातर पड़ी सूनी

एनएचएआई कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन के अंतर्गत पशु पालन एवं डेयरी विभाग, छतरपुर तथा जनपद पंचायत के माध्यम से 14 गौशालाएं संचालित हैं, जिनको राज्य शासन द्वारा आवारा पशुओं के पालन-पोषण हेतु प्रतिनग 600 रुपए अनुदान का दिया जाता है। किन्तु अनुदान प्राप्त गौशालाओं का सही ढंग से संचालन न होने के चलते यहां के आवारा मवेशी फोरलेन पर विचरण कर रहे हैं और ज्यादातर गौशालाएं सूनी पड़ी हैं।

### एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने झाड़ा पल्ला

वाहन चालकों के सामने उत्पन्न हुई इस विकराल समस्या को लेकर जब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई छतरपुर के निर्देशक पीएल चौधरी से बात की गई तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि सडक़ पर बैठने वाले आवारा जानवरों के लिए व्यवस्था करना उनकी जिम्मेदारी नही है। यह व्यवस्था कलेक्टर अथवा नगर पालिका द्वारा की जानी है।

# अगूंठा लगवा कर कियोस्क संचालक ने हड़प लिए रुपये



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौहानी के ग्रामीणों के साथ कियोस्क संचालक द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से की गई है। पीड़ित ग्रामीणों का आरोप है कि कियोस्क संचालक ने उनकी जानकारी के बगैर खाते से पैसे निकाले और हड़प कर लिए।

चौहानी गांव की रहने वाली पीड़ित महिला सरस्वती राजपूत और भूरा राजपूत के साथ जिला मुख्यालय पर शिकायत करने आए रविन्द्र राजपूत ने बताया कि कियोस्क संचालक ने उक्त दोनों के फिंगर मशीन पर लगाए थे और इसके बाद सरस्वती राजपूत के खाते से 2-2 हजार करके तीन बार तथा भूरा राजपूत के खाते से 10-10 हजार करके दो बार राशि निकाली गई। इस तरह सरस्वती राजपूत के खाते से 6 हजार और भूरा राजपूत के खाते से 20 हजार रुपए उनकी जानकारी के बगैर निकाले गए हैं। कलेक्टर को आवेदन देकर पीड़ितों ने कार्यवाही की मांग की है। पीड़ितों ने बताया कि मामले की शिकायत वे स्थानीय बैंक शाखा और जुझारनगर थाना में भी कर चुके हैं।

### जन आशीर्वाद यात्रा में बोले पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा

# कमलनाथ और दिग्विजय क्या समझेंगे गरीबों का दर्द




**छतरपुर, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने कहा है कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने गरीबों के लिए जन्म से लेकर पढ़ाई, स्वास्थ्य, विवाह, रोजगार और मृत्यु तक 380 योजनाएं शुरू की। जबकि बीच में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली 5 हजार की राशि तक बंद कर दी और संबल योजना सहित कई योजनाएं बंद कर दी। श्री झा ने कहा कि फर्क इतना है कि शिवराज गांव के किसान के बेटे हैं वहीँ कमलनाथ तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए और दिग्विजय सिंह तो राजा हैं। वे गरीबों का दर्द क्या समझेंगे। वे मंगलवार की शाम जन आशीर्वाद यात्रा छतरपुर पहुंचने पर बस स्टैंड में आयोजित सभा में बोल रहे थे।

इस अवसर पर यात्रा के संभाग प्रभारी केके श्रीवास्तव, भाजपा की छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव, पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा, पूर्व विधायक जुझार सिंह, गुड्डन पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, महामंत्री अरविंद पटेरिया, सुरेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष अशोक दुबे, मोनू यादव, दिलीप अहिरवार, अभिषेक परिहार, नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, वरिष्ठ नेता नारायण काले, जयराम चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता और आमजन मौजूद थे।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा ने कहा कि आज के ज़माने में सगे भाई तक उधार नहीं देते लेकिन किसान के बेटे शिवराज ने किसानों को बिना ब्याज के कर्ज, बहनों को 450 में गैस सिलेंडर, लाड़ली लक्ष्मियों और लाड़ली बहनों के हितों की चिंता कर उन्हें सशक्त बनाया। भाई का भाई से रिश्ता नहीं होता लेकिन शिवराज ने घर-घर में रिश्ते बनाए। शिवराज ने श्रवण कुमार बन कर बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई। जबकि बीच में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली 5 हजार की राशि तक बंद कर दी, संबल योजना बंद कर दी। कांग्रेस ने 2018 में अपने वचन पत्र में किसानों से 2 लाख की कर्ज माफी, 4 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था जो झूठा निकला।

**चित्र नहीं चिन्ह देखिए** - श्री झा ने प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के दो तिहाई बहुमत से जीतने का दावा करते हुए कहा कि चित्र नहीं कमल का चिन्ह देखिए। अभी बहुत काम करना है इसलिए ललिता बहन का जीतना जरूरी है। इसीलिए यह यात्रा आपसे आशीर्वाद मांगने आई है। आपको सेवक चाहिए तो ललिता यादव को चुनिए।

**समाज सेवा के लिए सरकार** - भाजपा नेता श्री झा ने कहा कि राजनीति में हम सरकार इसलिए नहीं बनाते कि हमें कोई मजा करना है। सरकार बनाने के बाद समाज की सेवा का अवसर मिलता है। आपके कमल के बटन दबाने से मोदी आज यदि पीएम नहीं होते तो धारा 370 और 35 ए नहीं हटती। मोदी सरकार ने तीन तलाक कानून समाप्त किया। भाजपा ने 1986 में शिमला घोषणा पत्र में लिखा था मंदिर वहीं बनाएंगे। तब कहीं अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सका। जी-20 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व का सिरमौर बनकर उभरे हैं। श्री झा ने महिला आरक्षण बिल की चर्चा करते हुए कहा कि अब लोकसभा में 181 सीटों पर 33 प्रतिशत बहने चुनाव लड़ेंगी। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार का कचरा साफ करने का नया अभियान शुरू किया है।

### भाजपा से सेवक और कांग्रेस से शासक चुनेंगे : ललिता

छतरपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि उन्होंने गांव-गांव में अस्पताल, जिला अस्पताल का 300 बेड का भवन, विश्वविद्यालय, मेडिकल कालेज की सौगात दी। 2018 में कमलनाथ सरकार आई तो मेडिकल का पता नहीं था। मेडिकल कालेज में कांग्रेसियों ने अदालती अडंगा डाला। लेकिन भाजपा सरकार ने रास्ते के कांटे दूर कर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मेडिकल का काम शुरू करा दिया है। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि 2018 में आपने यहां कांग्रेस का विधायक चुनकर बड़ी गलती की। उन्होंने कोई बड़ा काम नहीं किया। हर पंचायत में आलोक द्वार जरूर बनवा दिए बताइए इनका क्या काम। विकास और सेवा भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से आप शासक चुनेंगे और भाजपा से ललिता यादव को सेवक के रूप में चुनेंगे।

श्रीमती ललिता यादव ने पीएम मोदी और सीएम शिवराज सरकार द्वारा चलाई जा रहीं आवास, उज्जवला, आयुष्मान, जन धन योजना, लाडली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, लाडली बहना आवास योजना सहित अनेक योजनाएं गिनाते हुए कहा भाजपा सरकारों ने हर क्षेत्र में काम किया है। श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि उन्होंने यहां का प्रतिनिधित्व कर छतरपुर नगर और क्षेत्र को विकास में आगे किया है। जनता ने उन्हें एक बार नपाध्यक्ष और दो बार विधायक बनाकर आशीर्वाद दिया इसके लिए उनका पूरा परिवार हमेशा ऋणी रहेगा। सभा का संचालन वरिष्ठ नेता जयराम चतुर्वेदी ने किया जबकि महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

# खनिज विभाग रेत को लेकर ठेकेदार पर मेहरबान



**नौगांव, देशबन्धु।** मंगलवार की सुबह वार्ड नं 1 पिपरी में किसान अपने खेत से मिटटी खोदकर लाया उसे धोकर घर में कुछ निर्माण करना चाहता था। उसी वक्त रेत ठेकेदार के गुर्गे किसान के खेत से ट्रेक्टर पकडक़र थाने में रखवा देते है। फोन लगाने पर कुछ ही समय में खनिज इंस्पेक्टर थाने पहुंच जाते है। फोटो सेशन के बाद सुपुर्दगी पुलिस को थमा दी जाती है। इस बारे में जब मीडिया ने खनिज इंस्पेक्टर अशोक दुबे से बात की ठेकेदार द्वारा बगैर पिटपास और ओवर लोड वाहनों से रेत परिवहन की जाती है। इससे शासन की लाखों की राजस्व की हानि हो रही है। शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग ठेकेदार पर मेहरबान है। कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकी ठेकेदार के बाउंसर ओर खनिज विभाग जनता के ट्रेक्टर पकडक़र वाह वाही लूट रहे है।

ठेकेदार द्वारा जनवरी 2022 में यूपी के खखौरा घाट से गर्रोली में बड़ी मात्रा में डंफ लगाया जा रहा था । जिसकी कोई अनुमति नही थी इसकी शिकातय सीएम हेल्प लाईन पर एक जनवरी 2022 को गयी थी। मगर खनिज विभाग द्वारा लंबे समय तक इसका निराकरण नहीं किया गया। शिकायत के बाद शिकायत कर्ता पर ठेकेदार के गुर्गो द्वारा सीएम लाईन पर की गयी शिकायत वापिस लेने का दबाब बनाया गया। जब शिकायत वापिस नहीं ली तो आनन फानन में दो महिने बाद पंचायत से परमीशन ली गयी।

इस दो महिने में खनिज विभाग के द्वारा ठेकेदार के अवैध डंफ पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इससे यह साबित होता है नीचे से ऊपर तक सभी रेत कारोबार में संलिप्त है। कानून केवल जनता के लिये ही बनाय गया है। ऐसा ही माजरा 2018-19 में चला था जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश पैदा हुआ था और जनता द्वारा जिले की पांच सीट पर सरकार को मात दी गयी थी। इन अवैध कारोबारियों और प्राईवेट बाउंसरों से परेशान जनता इस चुनाव में सबक सिखाने के लिये तैयार बैठी हुई है।

### इनका कहना

*ठेकेदार द्वारा ओवर लोड रेत निकासी मानवता का प्रतीक है जनता करे तो वह अपराध है।*

***अशोक द्विवेदी खनिज इंस्पेक्टर छतरपुर***

# ज़न आशीर्वाद यात्रा के दौरान जिला की मांग को लेकर बंद रहा बाजार



**लवकुश नगर, देशबन्धु।** चुनाव के ऐन पहले भाजपा द्वारा मंगलवार को नगर लवकुश नगर में निकाली गई जन आशीर्वाद यात्रा को नगर वासियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा द्य लवकुशनगर को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर नगर और क्षेत्र वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया द्य जिला की मांग को लेकर सुबह से ही बाजार पूरी तरह से बंद रहा द्य छोटे बड़े सभी दुकानदार से लेकर व्यापारी व नगर और क्षेत्र वासियों ने एक स्वर में जिला बनाए जाने की मांग रखी। सोमवार देर शाम भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा चंदला होते हुए लवकुशनगर पहुंची थी द्य नए बस स्टैंड में भाजपा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह और राजेंद्र शुक्ल ने जनसभा को संबोधित किया था। चूंकि लवकुश नगर को जिला बनाए जाने की मुहिम से जुड़े युवाओं ने नगर के दुकानदारों और व्यापारियों से बाजार बंद का आह्वान किया था द्य जिसके चलते सभी ने एकजुट होकर मंगलवार को सुबह से ही बाजार बंद रखा द्य वहीं जब भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा दोपहर लगभग 12 बजे पुराने बस स्टैंड पहुंची तो सैकड़ो की तादाद में युवाओं ने जिला बनाए जाने की मांग को लेकर हाथ में तख्तियां लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया द्य दुकानदारों ने भी प्रतिष्ठान बंद रख बाहर जिला नहीं तो वोट नहीं लिखी तख्तियां लगा दी थीं द्य यात्रा के आते ही युवाओं ने जिला नहीं तो वोट नहीं के जमकर नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने लवकुश नगर के बाहर अकटोहां तिराहे पर भी जाकर विरोध प्रदर्शन किया द्य इस दौरान हेलीकॉप्टर से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा और सांसद सुधा यादव भी पहुंची थी द्य जिनके वाहनों को भी रोक कर प्रदर्शन कारियों ने जिला बनाए जाने की मांग रखी, और जिला नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए द्य

उल्लेखनीय है कि जिला बनाए जाने की मुहिम पिछले लगभग दो दशक से अधिक समय से चली आ रही है, नगर वासियों और जिला बनाओ की मुहिम से जुड़े युवाओं का साफ़ तौर से यह कहना है जब मध्य प्रदेश में मऊगंज ,नागदा मैहर जैसे स्थानों को जिला बनाया जा सकता है तो लवकुश नगर के साथ आखिर यह सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है ,इस बार नगर और क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में यह ठान लिया है कि अगर जिला बनाए जाने की घोषणा नहीं की जाती तो क्षेत्र की जनता किसी भी पार्टी को वोट ना करते हुए नोटा का बटन दबाएगी द्य प्रशासन को इस विरोध प्रदर्शन की खबर पहले से थी ऐसे में जनआशीर्वाद यात्रा के आगे -पीछे चप्पे- चप्पे पर पुलिस नजर आई, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के द्वारा तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए थे ,जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान पूरे नगर और क्षेत्र के द्वारा इस बड़े विरोध के बाद यह कहा जा सकता है कि अगर सरकार ने इस मांग पर ध्यान नही दिया तो भाजपा के लिए फिलहाल राजनगर और चंदला सीट में खासा नुकसान होने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा : शुक्ल

जन आशीर्वाद रथ का नेतृत्व कर रहे कैबिनेट मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेकर उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनकी मांग को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाएंगे और उनसे चर्चा करेंगे।


**कार्यालय नगर परिषद् सटई जिला छतरपुर (म. प्र. )**

E-mail :- cmosatai@mpurban.gov.in

क्रमांक/1338/न.प./नामा./2023 सटई दिनांक 19.09.2023

**नामान्तरण इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों निवासी सटई द्वारा नामान्तरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किये गये है इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप से इश्तहार प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर परिषद् सटई में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

| क्रं. | क्रेता का नाम व पता | विक्रेता का नाम व पता | माध्यम | वार्ड क्रं. | संपत्ति का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नितिन सोनी तनय श्री रामस्वरूप सोनी निवासी वार्ड नं. 03 सटई | श्री मातादीन यादव तनय श्री छोटेलाल यादव निवासी वार्ड नं. 09 सटई | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं डायवर्सन के आधर पर | 08 | भूमि |
| 2 | श्रीमती सखी पटेल पति श्री कमलेश पटेल, श्रीमती नन्नी बाई पति श्री श्यामसुन्दर पटेल निवासी वार्ड नं. 14 सटई | स्व. श्री मथुरा प्रसाद पटेल तनय श्री रामबगस पटेल निवासी वार्ड नं. 14 सटई | मृत्यु एवं सहमति के आधार पर | 14 | भवन |
| 3 | श्री मुकेश कुमार, अजय कुमार जाटव तनय श्री अशोक कुमार जाटव निवासी वार्ड नं. 08 सटई | श्री अशोक कुमार जाटव तनय श्री हरीराम जाटव निवासी वार्ड नं. 08 सटई | रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर | 08 | भूमि |
| 4 | श्रीमती सावित्री गुप्ता पिता स्व. श्री सुन्दर लाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 07 सटई | स्व.श्री सुन्दरलाल गुप्ता तनय श्री पुन्ना गुप्ता निवासी वार्ड नं. 07 सटई | मृत्यु के आधार पर | 07 | भवन |
| 5 | श्री रघवा, श्री भुमानीदीन, श्री लीलाधर अहिरवार तनय श्री चिनुआ अहिरवार निवासी वार्ड नं. 15, सटई | स्व. श्री चिनुआ अहिरवार तनय श्री तांतिया अहिरवार निवासी वार्ड नं. 15, सटई | मृत्यु के आधार पर | 15 | भवन |
| 6 | श्रीमती विमला साहू पति श्री हिसाबी लाल साहू निवासी वार्ड नं. 01, सटई | श्री नबाव सौदागर तनय श्री शरीफ सौदागर निवासी वार्ड नं. 28 छतरपुर | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं डायवर्सन के आधर पर | 11 | भूमि |
| 7 | श्री किशन जाटव तनय श्री सीताराम जाटव निवासी वार्ड नं. 08 सटई | श्री शंकर लाल सोनी तनय श्री रामदास सोनी निवासी वार्ड नं. 05 सटई | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर | 08 | भूमि |
| 8 | श्रीमती गीता पाल पिता श्री मथुरा पाल निवासी वार्ड नं. 10. सटई | श्री मथुरा पाल तनय श्री मलखाना पाल निवासी वार्ड नं. 10. सटई | नोटरी दानपत्र के आधार पर | 10 | भवन |
| 9 | श्रीमती विनीता शिवहरे पति श्री विजय शिवहरे निवासी वार्ड नं. 06, सटई | श्री सुन्दरलाल चौरसिया तनय श्री सुल्लू चौरसिया निवासी वार्ड नं. 10, सटई | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर | 06 | भवन |
| 10 | श्री सुनील कुमार राय तनय श्री प्रकाश राय निवासी वार्ड नं. 01, सटई | श्री रामस्वरुप पाठक तनय श्री पुरुषोत्तम पाठक निवासी वार्ड नं. 06, सटई | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं डायवर्सन के आधर पर | 08 | भूमि |
| 11 | श्री सुनील सोनी तनय श्री रतीराम सोनी निवासी वार्ड नं. 02 सटई | श्री तुलसीदास असाटी तनय श्री बिहारी लाल असाटी ग्राम रजपुरा | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर | 07 | भवन |
| 12 | श्री राजेश असाटी तनय श्री स्वामी प्रसाद असाटी निवासी वार्ड नं. 05 सटई | श्री नरेन्द्र कुमार चौरसिया तनय श्री प्यारेलाल चौरसिया निवासी वार्ड नं. 06 सटई | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर | 10 | भूमि |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,नगर परिषद सटई जिला छतरपुर म.प्र.**

देशबन्धु

सागर, बुधवार 20 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए।

गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते।

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने' के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा।

इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

# नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय संसद अपने नये पते पर स्थानांतरित हो गई है। सोमवार को पुरानी इमारत में उसने अपना अंतिम कामकाज निपटाया और मंगलवार को गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नये भवन का श्रीगणेश हुआ। 22 सितम्बर तक कई काम निपटाकर 5 दिवसीय विशेष सत्र समाप्त तो हो जायेगा लेकिन सोच-विचार करने वाला हर कोई जानता है कि इस नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य क्या है। औचित्य पर इसलिये सवाल उठता रहेगा क्योंकि देश के पास पहले से एक शानदार भवन उपलब्ध है जिसने अपने सभा कक्षों एवं गलियारों में देश को निर्मित होते देखा है; और जो अभी भी इस हाल में है कि वह अगले सौ-एक साल तक तो देश को प्रेरणा देने के अलावा हमारी संसदीय ज़रूरतों को पूरा भी कर सकता है- अगर आवश्यक हुआ तो थोड़ी-बहुत मरम्मत करके एवं उसमें कुछ बदलाव लाकर। हालांकि कोई कह सकता है कि अब तो नयी इमारत न केवल बन गई है और संसद का काम-काज नये पते पर प्रारम्भ भी हो गया है, तो इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल करने का क्या अर्थ है। तो बात यह है कि संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था। वैसे नये भवन के औचित्य पर तभी से सवाल उठते रहे हैं जब उसकी योजना बनी ही थी। जवाब न देने की आदी और सफाई देने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार ने इस पर विस्तार से कभी अन्य दलों से चर्चा तक नहीं की। यहां तक कि भाजपा के सासंद तक इससे अनभिज्ञ थे।

दूसरे, जो शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जायेगा क्योंकि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। दूसरे, जो 7-8 शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। अभी देशवासी इस राष्ट्रीय तमाशे के बीच में पहुंचे थे कि नये-नये तमाशों को एक के बाद एक प्रस्तुत करने में माहिर प्रधानमंत्री ने नया आईटम पेश कर दिया जो सबसे महत्वपूर्ण है- महिला आरक्षण। सोमवार की शाम को कैबिनेट की हुई बैठक में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण का मसौदा मंजूर करने से लगा था कि इसके लिये भी रास्ता साफ हो गया है। अगर ऐसा होता होता यह अच्छी बात होती



डॉ. दीपक पाचपोर

**संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था।**

परन्तु जो 6 पेजी विधेयक लाया गया तो वह भी 'पोस्ट डेटेड' निकला। इसे परिसीमन के बाद 2026 में लागू किया जायेगा। इसके प्रारूप का अध्ययन करने एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के भीतर विचार-विमर्श के लिये सांसदों को समय तक नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र में दूसरे कार्यकाल के लगभग अंतिम चरण में यह विधेयक लाना बहुत कुछ बतलाता है। अब देखना होगा कि जब इसके लागू होने का वक्त आएगा (2026 में) तो इसके प्रावधान क्या होंगे और उसका स्वरूप क्या रहेगा। वह सभी वर्गों की महिलाओं को समुचित न्याय दे पाता है या नहीं, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। पहले और दूसरे दौर में भाजपा के पास बहुमत की कमी तो थी नहीं और उसने अनेक विधेयक बगैर चर्चा या सर्वसम्मति की परवाह किये बिना ही पारित कर कानून बनाये हैं, तो इसे तत्काल पारित करने में कहां दिक्कत थी- यह भी स्पष्ट होना चाहिये।

यह विधेयक पिछले करीब चार दशकों से दिन के उजाले का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ प्रावधानों को लेकर अनेक दलों की आपत्तियां थीं। मुख्य आपत्ति समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की थी जिनकी मांग थी कि जिस प्रकार इस विधेयक में आरक्षण के भीतर उप आरक्षण के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिये प्रावधान हैं, वैसे ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये भी प्रावधान हों। भाजपा इन दिनों जातिगत गणना के मुद्दे पर घिरी हुई है क्योंकि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियां इसके हक में हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो नारा ही दिया है कि 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।' अगर भाजपा सरकार इस विधेयक में उस विसंगति को ठीक कर देती तो यह विपक्ष की जीत मानी जायेगी तथा उसे ओबीसी की अधिक भागीदारी का सिद्धांत मानना होगा। फिर तो जातीय जनगणना भी कराने की मांग जोरदार ढंग से उठेगी। तो भी उम्मीद थी वे विसंगतियां दूर होतीं और विधायिकाओं में प्रतिनिधित्व के बढ़े हुए हक की बाट जोहती देश की आधी आबादी को विधायिकाओं में बड़ी हिस्सेदारी मिल सकती। महिलाओं समेत सभी समतावादियों को मोदी ने निराश किया है। यह भी एक तरह से झुनझुना साबित हो गया है।

ये सारी कवायदें बताती हैं कि मोदी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना एक बड़ी चुनौती है। वह ऐसे और कठिन होता जायेगा क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव (छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम) भी जीतना भाजपा के लिये कठिन माना जा रहा है। अब तो मुकाबले में मजबूत विपक्षी गठबन्धन इंडिया भी है। प्रशासक के रूप में पूर्णत: नाकाम और हर मोर्चे पर सुपर फ्लॉप साबित हो चुके प्रधानमंत्री के पास ऐसे आयोजनों के जरिये अपनी छवि चमकाने के अलावा और कोई उपाय नहीं हैं। 9-10 सितम्बर को भारत में हुए जी-20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करने का अवसर एक तयशुदा रोटेशन व प्रक्रिया के तहत देश को मिला था। इसे यूं प्रचारित किया गया मानों वह मोदी की लोकप्रियता के बल पर हासिल किया गया पद हो।

श्री मोदी के लिये पहले तो अपनी पीएम की उम्मीदवारी को ही बचाने और फिर भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के कठिन टास्क हैं। ऐसे में छोटे-मोटे इवेंट काम नहीं आने वाले। इसलिये जी-20 का इस्तेमाल उन्होंने अपनी छवि चमकाने के लिये तूफानी अंदाज़ में किया। दिल्ली में उनके पोस्टर छाये हुए थे तथा उनके आर्थिक मॉडल के दुष्परिणामों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया था ताकि विदेशी मेहमान गुजरात मॉडल के ढोल की पोल को न जानें। उसी श्रृंखला में संसद के स्थानांतरण को भी देखा जाना चाहिये। पुराने भवन से नये में जाने के कार्यक्रम को ऐसा डिज़ाइन किया गया था जिससे मोदी की गिरती छवि को टेका मिले। अंतिम समारोह में सत्ता से जुड़े जिन लोगों के भाषण हुए, उन्होंने ख्याल रखा था कि सारा श्रेय मोदी को जाये तथा उनके नेतृत्व की प्रशंसा हो। प्रोटोकॉल के अनुसार समारोह के सर्वोच्च अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तक यह कहकर प्रधानमंत्री को खुश करते नज़र आये कि श्री मोदी के कहने के बाद उन्हें दिक्कत आती है कि अब क्या कहा जाये। नये संसद भवन में इसी तरह से काफी कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि मोदी एवं उनकी सरकार पुराने भवन में बनी संसदीय परम्पराओं, मर्यादाओं, आदर्शों और नैतिकता का बोझ उतारकर नये पते पर बिंदास तरीके से रहने जा रही है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त

■ कल्याणी शंकर

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। सम्मेलन में सोनिया, राहुल और प्रियंका के शामिल होने से गांधी परिवार की मजबूत उपस्थिति रही। इंडिया विपक्षी गठबंधन की तीन सार्थक बैठकों के बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके भारत जोड़ो यात्रा को और आगे बढ़ाने के इरादे का समर्थन किया। माहौल आश्वासन भरा था और उसमें सकारात्मकता का भाव था।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।

यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है। खिलाड़ियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों के कारण इसे लेकर संदेह बना हुआ है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं।

आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है। पार्टी ने 17 सितंबर को हैदराबाद दिवस मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था जो 1948 में शहर के भारत में शामिल होने का प्रतीक दिवस है।

संसद में विधायी कार्य के बारे में संकल्प मुख्य रूप से संविधान की समीक्षा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर केंद्रित थे। पार्टी ने एक तिहाई महिला आरक्षण विधेयक और एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग की। इन उपायों का उद्देश्य विभिन्न मतदाता समूहों का दिल जीतना है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करने का निर्णय किया। उनका तर्क था कि यह विधेयक चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

**कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।**

सी. डब्ल्यू.सी. ने भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध किया है। फिर भी, मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए सह-अस्तित्व चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की है।

एक प्रस्ताव में भाजपा की हृदयहीनता की आलोचना की गई। जम्मू-कश्मीर में संकट के दौरान मोदी की जी-20 उपलब्धियों का जश्न मनाने की निंदा की गई और इसे घाटी में सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का अनादर कहा गया।

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

सी.डब्ल्यू.सी. के बाद सार्वजनिक रैली में, सोनिया गांधी ने आगामी तेलंगाना चुनावों के लिए छह वायदे किये, जो इस प्रकार हैं: 1. महिलाओं को 2,500 की मासिक राशि प्राप्त होगी, 2. किसानों और बटाईदार किसानों को वार्षिक 15,000 की राशि दी जायेगी, 3. जिसे गृह ऋण चाहिए उसे दिया जायेगा, 4.बेघरों को घर के लिए जगह और 5 लाख की राशि मिलेगी, 5. युवाओं को विकास में सहायता के लिए कार्यक्रम लाये जायेंगे और 6. सभी जरूरतमंद नागरिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इन लाभों का उद्देश्य मतदाताओं को मुफ्त सुविधाओं से आकर्षित करना था।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक अपनी नयी कहानी का खुलासा नहीं किया है, जबकि यह स्पष्ट है कि विचारधारा केंद्रीय मुद्दा है। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी की सफलता सीट साझाकरण, उम्मीदवार चयन, गठबंधन, संसाधन और कार्यकर्ता समर्थन सहित कई कारकों पर निर्भर करेगी। लेकिन नि:संदेह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## पावन प्रसंग

# श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा? यहां आकर के देवी क्या करेगी? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बाजार से निराश किसान का आक्रोश आंदोलन में बदला

भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर चुके है। लखनऊ में इको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित करते हुए एमएसपी पर गारंटी ,दस साल के लिए डीजल ट्रैंकर पर लगी रोक हटाने और गन्ना मूल्य बढ़ाने जैसे तमाम मुद्दे उठाकर सरकार से मांग की है। आजादी के बाद सत्तर के दशक में हरित क्रांति की कामयाबी के साथ किसानों ने फसल की उपज बढ़ाई तो अतिरिक्त पैदावार से उनकी आय का स्त्रोत मजबूत होता गया। लेकिन आठवे दशक के आते-आते फसलों की लागत और कीमतों का अंतर कम होने लगा। इसमें लाचार किसान एमएसपी में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने लगा। इस दौर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन को सबसे मजबूत किसान आंदोलन के रूप में देखा जाता था। असल मे कांग्रेस के समय भाकियू का उदय भी कुछ ऐसे समय मे हुआ था। जिन हालात में कुछ दिन पूर्व में राकेश टिकैत ने पिछले साल किया था। किसानों की अहमियत नौवे दशक के मध्य तक बरकरार रही। लेकिन आर्थिक आंदोलन लागू होने के बाद किसान आंदोलन की कमजोर नहीं हुए,कोई बड़ा किसान आंदोलन ही नहीं हुआ। वही देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए नए संगठन किसानों के मुद्दे को दखल करना शुरु कर दिया। हालांकि किसानों के लिए बेहतर समय आया है। किसानों की आय बढ़ी है। आर्टिकल्चर उत्पादन निर्यात और वैश्विक स्तर पर कृषि उपज के दाम बढ़ने से देश के किसानों की आय बढ़ी है। कांग्रेस और प्रादेशिक सरकारों की नीतियों से किसानों की आत्महत्या की खबरें ही आती गई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2015 तक करीब तीन लाख 40 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। उसके बाद अब खुदकुशी नहीं करते हैं। सरकार हर समय अन्नदाता किसानों के लिए कदम कदम पर मदद के लिए तैयार है।उस दौर में 12 हजार किसान आत्महत्या कर रहे थे।अब समय बदला है किसान नए सिरे से अपने हक के लिए खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री का नारा ही नहीं कि देश बदल चुका है इसलिए किसान भी अपने दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की और चल पड़ा। किसान क्रांति ने किसान सरकार से सब कुछ मनवा दिया है। कर्ज माफी की घोषणा से किसानों की आत्महत्या बन्द हुई है। जिस तरह किसान सड़कों पर आ रहे हैं। सरकार को कुछ बड़े कदम उठाकर किसानों की मांग पर जरूर अमल करना चाहिए। किसान संगठनों को भी देखना होगा कि वह संकट के दीर्घकालिक हल के लिए काम कर रहे है या तत्कालीन हल के लिए। बेहतर नतीजों के लिए दूरदर्शिता जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

पुलिस द्वारा किया गया अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा

# शिक्षिका की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**पन्ना, देशबन्धु।** विगत दिवस शाहनगर थाना अन्तर्गत कटनी सीमा के पास शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षिका का शव बरामद किया गया था। उक्त घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा द्वारा पुलिस अधीक्षक सभागार में किया गया। जो इस प्रकार है। 13 सितम्बर 2023 को फरियादी प्रदीप झारिया निवासी अंजनिया थाना बिछिया जिला मंडला द्वारा थाना शाहनगर में सूचना दी गई कि पुत्री खुशबू झारिया जो कि शासकीय प्राथमिक शाला शाहपुर कला मडईयन में पदस्थ थी जो सुबह स्कूल जाने की कहकर गई थी, वापिस नही आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में गुम इन्सान क्र. 57/23 कायम कर जांच में लिया गया।

इस दौरान जांच गुमशुदा की तलाश हेतु सायबर सेल पन्ना से संपर्क के साथ-साथ क्षेत्र में मुखबिर लगाये गये थे। थाना प्रभारी उनि. घनश्याम मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की गुमशुदा खुशबू झारिया की लाश रितुआ के जंगल में पन्ना कटनी रोड पर निर्माणाधीन टोल प्लाजा के आगे जंगल में करीब 200 मीटर अंदर पड़ी हुई है। मामले की सूचना थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा द्वारा घटना को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं अनु. अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहनगर घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर तस्तीक की गई, तो पाया गया कि उक्त लाश खुशबू झारिया की है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मृत्तिका के पिता द्वारा 13 सितम्बर 2023 को की गई थी। गुमशुदा के शरीर मे धारदार हथियार/पत्थर से चोट के निशान पाए जाने से मामला प्रथम द्रष्टया हत्या का मामला प्रतीत होने से मौके पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्र. 217/23 धारा 302 ता.हि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि मृत्तिका का उसके गांव के लड़के आनंद गौतम से प्रेम संबंध होना पाया गया। लेकिन मृत्तिका के परिजनों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। मृत्तिका का चयन संविदा शिक्षक वर्ग 3 में हो गया था तथा आनंद गौतम को चर्म रोग हो जाने के कारण मृत्तिका ने उससे दूरी बना ली थी। जिसके चलते आरोपी आनंद गौतम ने मृत्तिका खुशबू झारिया की हत्या की साजिश रची।

आरोपी आनंद गौतम के द्वारा मृत्तिका को आखिरी बार मिलने के लिए कहा, जिस पर मृत्तिका ने उसे हा कह दिया। आरोपी आनंद गौतम मोटरसाईकिल से अंजनिया से शाहनगर आया और मृत्तिका को तिंदुनी मोड़ के पास उसके स्कूल जाते समय मिला। आरोपी आनंद गौतम मृत्तिका को अपने साथ रितुआ के जंगल में ले गया, जहां मृत्तिका से भाग कर शादी करने को कहा जिस पर मृतिका ने मना कर दिया। इसी बात पर से आरोपी आनंद गौतम गुस्सा में आकर मृत्तिका को चाकू एवं पत्थर मारकर हत्या कर दी व मौके से फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रसाद मिश्रा, संतोष सिंह मसराम, मेघा मिश्रा, राघवेन्द्र प्रधान, जगदीश सिंह एसडीओपी कार्यालय पवई, सायबर सेल से नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आर. आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह, राहुल पाण्डेय, ईदुल बख्स, राजकुमार शुक्ला, दिनेश यादव, ब्रजभान बागरी, बृजेंद्र सिंह पायक, नितेश असाठी, महेश विश्वकर्मा, उदयराज बागरी, रश्मि गौर की अहम भूमिका रही।

## सेवा शुल्क घटाये जाने के विरोध मे आज बंद रहेगें लोकसेवा केन्द्र

**पन्ना, देशबन्धु।** एक ओर जहां हर समान के दाम दो गुने हो चुके है वहीं लोक सेवा केन्द्र द्वारा दी जाने वाली सेवाओ के एवज मे सेवा शुल्क वृद्धि करने के बजाये राज्य शासन द्वारा उसमे कटौती का फरमान जारी किया गया है। राज्य शासन के इस निर्णय से प्रदेश भर के लोक सेवा केन्द्र संचालको मे आक्रोश व्याप्त है। अभी तक लोक सेवा केन्द्र मे प्रत्येक आवेदन के लिए आवेदक से 40 रूपये का शुल्क वसूल किया जाता था। जिसमे 35 रूपये केन्द्र संचालक एवं शेष पांच रूपये ई गर्वेनेन्स सोसाईटी के खाते मे जाता था।

राज्य शासन ने शुल्क विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस सेवा शुल्क को घटाकर बीस रूपये कर दिया है। जिससे अब लोक सेवा केन्द्र संचालक को सिर्फपन्द्रह रूपये मिलेगी और पांच रूपये शासन के खाते मे जायेगा। बेतहाशा महगाई के दौर मे सेवा शुल्क मे वृद्धि करने की बजाये कटोती किये जाने से केन्द्र संचालक हेरान परेशान है। शासन के इस निर्णय के बाद लोक सेवा केन्द्र संचालन करने वालो के लिए केन्द्रो का व्यवस्थित तरीके से संचालन करना और वहां से सेवा देने वाले कर्मचारीयो का पगार सहित अन्य खर्चे निकालना मुश्किल हो जायेगा। इस निर्णय के विरोध स्वरूप प्रदेश भर के केन्द्र संचालको ने आज बुधवार को एक दिन के लिए लोक सेवा केन्द्रो का बंद रखने का फैसला लिया है। पन्ना जिले मे भी आज लोक सेवा केन्द्र विरोध स्वरूप बंद रहेगें।

यात्रा प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव जिले में आधा दर्जन नुक्कड़ सभाओं को करेगें संबोधित

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में ज्वलंत मुद्दों की रहेगी गूंज

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र के बुन्देलखंड क्षेत्र मे कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा का आगाज यात्रा प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव के नेत्रत्व में मंगलवार 19 सितम्बर को दमोह जिले से हो चुका है। यह यात्रा अपने तीसरे दिन के भ्रमण कार्यक्रम अनुसार 21 सितम्बर दिन गुरूवार को दोपहर 11 बजे पन्ना जिले की सीमा में सिमरिया होते हुए प्रवेश करेगी।

तहसील मुख्यालय सिमरिया में जन आक्रोश यात्रा के अन्तर्गत नुक्कड सभा आयोजित की गई है। जिसमे अरूण यादव प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियो, भ्रष्टाचार और विफलताओं को सिलसिलेबार तरीके से उजागर करेगें। उनके द्वारा जन मानस को आगामी चुनाव के मद्दे नजर कांग्रेस पार्टी द्वारा जन कल्याण के लिए घोषित किये गये ग्यारह वचनो की जानकारी दी जायेगी। सिमरिया की सभा पश्चात जन आक्रोश यात्रा का विशाल काफिला मोहन्द्रा, पवई होते हुए गुनौर से अमानगंज पहुंचेगी।

इस दौरान पवई अमानगंज एवं गुनौर में नुक्कड सभा आयोजित होंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जन आक्रोश यात्रा कि सफलता को लेकर मंगलवार को पन्ना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें यात्रा मार्ग के दौरान विभिन्न स्थानो पर आयोजित आधा दर्जन नुक्कड सभाओं के लिए यात्रा प्रभारियो की नियुक्ति कर उन्हे आवश्यक दायित्व सौपे गयें है। इसके अलावा जिले के ज्वलंत मुद्दो को इस यात्रा में प्रमुखता से उठाये जाने को लेकर चर्चा की गई है। जन आक्रोश यात्रा 21 सितम्बर की देर शाम अमानगंज से होते हुए पन्ना जिला मुख्यालय पंहुचेगी, जहां रात्रि विश्राम पश्चात् अगले दिन शुक्रवार 22 सितम्बर को प्रात:10 बजे पहाड कोठी स्थित सर्किट हाउस मे अरूण यादव पत्रकार वार्ता को संबोंधित करेगें।

तदोपरांत पन्ना में जन आक्रोश यात्रा मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी जहां कांग्रेस नेताओ के द्वारा मंदिर में माथा ठेकने के बाद नुक्कड सभाओं को सबोंधित करेगें। तत्पश्चात् दोपहर बारह बजे अजयगढ विकाखंड मुख्यालय में जन आक्रोश सभा आयोजित होगी। इसके बाद जन आक्रोश यात्रा अजयगढ तहसील के विभिन्न ग्रामो से होते हुए पडोसी जिला छतरपुर के चन्दला विधानसभा में प्रवेश करेगी। जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के संबंध में आयोजित बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यारानी सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, रविन्द्र शुक्ला, पुष्पेन्द्र सिंह परमार, केशव प्रताप सिंह, भरत मिलन पान्डेय, राम किशोर मिश्रा, मीना यादव सहित बडी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

## तकनीकी शिक्षा विभाग के कर्मचारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते अनेक विभागो के कर्मचारी हडताल कर रहें है। इसी कडी में तकनीकी शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। उप प्रांतीय संयोजक देवब्रत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तकनीकी शिक्षा कर्मचारियों की बैठक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित की गई थी। बैठक के संबंध में उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय समिति तकनीकी शिक्षा कर्मचारी समिति मप्र भोपाल के आह्वान पर 22 सितंबर को वेतन विसंगति के संबंध में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे और काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे तथा 22 सितम्बर को ही मुख्यमंत्री के नाम दोपहर 1 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगें। ज्ञापन में मुख्य रूप से तकनीकी शिक्षा विभाग की वेतन विसंगतियों के शीघ्र निराकरण करने की मांग प्रमुख है। उक्त बैठक में देवब्रत चतुर्वेदी, राकेश कुमार द्विवेदी, हरीश प्रसाद पाठक आदि उपस्थित थे।

सफाई कर्मी महिला ने डॉक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप, नही दिया जा रहा मानदेय

# कलेक्टर, सीएमएचओ को दिया आवेदन

**पन्ना, देशबन्धु।** प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सलेहा में पदस्थ सफाई कर्मी महिला संपत बाई पति हजारी वंशकार निवासी सलेहा ने कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को शिकायती आवेदन देते हुए प्राथमिक केन्द्र में पदस्थ डॉ. अजय चौधरी पर अभद्रता करने एवं मानदेय न देने का आरोप लगाया है।

आवेदन में उल्लेख किया है 10/9/23 को अचानक बिना किसी जानकारी व कारण के सुपरवाइजर रामजी कोल के द्वारा मोबाइल के माध्यम से आदेश भेजा गया कि आप को अस्पताल के कार्य से निकाल दिया गया है अचानक आदेश मिलने पर जब प्रार्थीया संपत बाई द्वारा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र सलेहा में जाकर डॉ. अजय चौधरी से बातचीत की तो डॉ. अजय चौधरी के द्वारा गाली गलौज की गई तथा स्वास्थ केन्द्र से अभद्रता करते हुए भगा दिया गया।

महिला ने बताया कि मेरे द्वारा डॉ. अजय चौधरी से कई बार प्रार्थना की गई तथा कहा गया कि आप मेरे साथ अभद्र व्यवहार न करें और न ही मुझे काम से अलग करें। क्योकि मुझे स्वास्थ केन्द्र से मिलने वाले दो हजार के मानदेय से ही मेरे परिवार का भरण पोषण होता है। लेकिन उसके बावजूद भी डॉक्टर द्वारा मनमाने ढंग से मुझे काम से निकलवा दिया गया है।

## बिजली की चपेट में आया युवक

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड की संध्या विहार कॉलोनी में एक युवक उस वक्त करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया जब वह हाईटेंशन लाइन में विद्युत सुधार कर रहा था। युवक को जिला अस्पताल लाया गया था जहां वर्न वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक संध्या विहार कॉलोनी निवासी राजकुमार अहिरवार के घर की बिजली खराब थी और विद्युत सुधार के लिए उसने निजी तौर पर विद्युत सुधार करने वाले सरानी निवासी जमना रैकवार उम्र 40 वर्ष को बुलाया था। हाईटेंशन लाइन में सुधार करते वक्त जमना रैकवार तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग आनन-फानन में जमना को जिला अस्पताल लाए। चूंकि जमना की हालत बेहद गंभीर है जिस कारण से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

# मंदिर परिसर में चलाया सफाई अभियान



**छतरपुर, देशबन्धु।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग सीजन-2 के चलते शहर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के आखिरी दिन मोटे के महावीर मंदिर परिषर में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नगर पालिका और शहर की समाजसेवी संस्थाओं के मंदिर परिसर और बावड़ी में सफाई की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत आयोजित सफाई कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, शहर के समाजसेवी लोग, वार्ड पार्षदो और अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता कर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को मोटे के महावीर मंदिर में आयोजित स्वच्छता गतिविधि में शहर के सभी लोगों ने मंदिर परिसर और आस-पास क्षेत्र में झाडूं लगाकर साफ-सफाई कर कचरा एकत्रित किया। साथ ही एनएसएस के छात्रो के द्वारा सफाई अभियान में सहभागिता करते हुए दुकानादारों को कपड़े के थैले वितरित करते हुए। पॉलीथिन का उपयोग न करने की समझाइश दी गई। साथ ही स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर विपिन अवस्थी, नीलम तिवारी, सोयल गोस्वामी, स्वच्छता नोडल उपयंत्री नीतेश चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, स्वच्छता निरीक्षक आरपी तिवारी, देव पचौरी, रामसिंह राय के साथ अन्य समाजसेवी लोग, एनएसएस के छात्र और कर्मचारी मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा निकाल कर की दावेदारी



बक्सवाहा/रामटौरिया। बड़ा मलहरा विधानसभा की कमान में पिछले कई वर्षों से बाहरी लोगों के हाथों में रही है जिससे क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की जनता ने क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग और तेज कर दी है जिसको लेकर बम्होरी क्षेत्र में स्थित विंध्यवासिनी माता मंदिर स्थान से सोमवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा ने बड़ा मलहरा विधानसभा में पचास से अधिक गांवों का भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा लगभग 150 किलोमीटर का भ्रमण करते हुए अवार माता पहुंची जहां तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

आयोजनकर्ता जनपद सदस्य करण सिंह लोधी ने अपने समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि क्षेत्रीय जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी से टिकट की मांग की जा रही है पार्टी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर स्थितियां बनी तो हम पार्टी से बगावत करके निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ेंगे और आशा है क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त करेंगे।

तिरंगा यात्रा में दिग्विजय सिंह पनवारी, मलखान सिंह बमनौरा, शिक्षक खलक सिंह लोधी, भरत सिंह लोधी, भरत सिंह लोधी, जीके राजपूत, राघव शर्मा, रब्बू राजा, करन सिंह, कनई सिंह, देवराज सिंह, राहुल सिंह, बालचन्द्र मखनपुरा, अमान सिंह राजपूत रामटौरिया, भान सिंह, मुलायम सिंह, बाबू पाल, चंद्रकांत, भोले लोधी घुवारा, लाखन सिंह, फरसराम, फूल सिंह पठराई, संतोष सेवार, पवन सिंह, वृंदावन राजापुर, भागीरथ लोधी, इंदल सिंह, राहुल विश्वकर्मा, मोहन कुशवाहा, हरदेव लोधी, सीताराम लोधी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# जहां बिना किसी पुजारी और मूर्ति के होता शारीरिक इलाज



- रविवार और बुधवार को लाखों की संख्या में दर्शन करने आते है लोग

**मनीष पांडेय**

**हरपालपुर /नौगांव, देशबन्धु।** अनुभाग के अलीपुरा थाना अंतर्गत ग्राम अलीपुरा और ग्राम चिरवारी के मध्य वन विभाग के क्षेत्र जंगल में रोड के किनारे एक पेड़ के नीचे लाखों की संख्या में छोटे कंकड़ पत्थर डले हुए है जहां पर पिछले एक महीने से भक्तों की हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ने लगी है।ऐसी मान्यता है कि यहां पर पांच छोटे छोटे कंकड़ पत्थर और एक नीम की पत्तो समेत छोटी टहनी डालकर भक्त अपनी अर्जी लगाते है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।कंकड़ पत्थर डालकर भक्तों की पीड़ा दूर करने वाली देवी को पथरिया माता के नाम से जानते है।यहां पर पथरिया माता भक्तों के हाथ पैर दर्द,विकलांग,सीने में दर्द सहित समस्त प्रकार के रोगों का निवारण करती है।

## पर्यटक ग्राम अलीपुरा से से ग्राम चिरवारी तक वाहनों का जाम

रविवार और बुधवार को पथरिया माता के दर्शन और अपनी अर्जी लेकर आए पीड़ा को दूर करने हेतु हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।विगत एक महीनो से इतनी ज्यादा भीड़ उमड़ने लगी है। वही दूसरी ओर चिरवारी से आने वाले मार्ग में भी भारी संख्या में वाहनों के आगमन से जाम की स्थिति निर्मित पैदा हो रही है।वही दूसरी ओर सुखद बात यह है कि स्थानीय लोगों के साथ साथ बाहर के दुकानदारों को व्यवसाय की नई उम्मीद पैदा हो गई है।दुकानदारों ने बताया कि जब से पथरिया माता का चमत्कारिक स्थान की जानकारी लोगो को लगी सभी दुकानदारों की आय बड़ गई है।

## कैसे एक महीने में प्रसिद्ध हुई पथरिया माता

ग्राम चिरवारी निवासी कोमल सिंह चौहान ने बताया कि करीब माह पूर्व ग्राम अलीपुरा की वृद्ध माता जी चिरवारी से अलीपुरा जा रही थी बीच जंगल से हाथ पैर दर्द होने लगे जिससे रोड किनारे स्थित एक पेड़ के नीचे आराम करने लगी थोड़ी ही देर में किसी ने कहा कि पांच छोटे छोटे कंकड़ पत्थर और एक नीम की छोटी पत्ती समेत डाली तोड़ कर रख दो सही हो जाओगी और ऐसा करने पर वह माता जी सही हो गई और धीरे धीरे यह खबर ग्रामीण क्षेत्रों में आग की तरह फैलती गई और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ का आना शुरू हो गया।रविवार और बुधवार को श्रद्धालु यहां हजारों की संख्या में आते है।

## दुल्हा देव बाबा के आशीर्वाद से मिलते कन्या को वर

वर्षो पूर्व यहां पर किसी नव विवाहित दूल्हे की जंगल में मौके पर ही मौत हो गई थी जिसको दुल्हा देव बाबा के नाम से जाना जाता है। ग्रामीणों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि यहां पर पांच परिक्रमा लगाने और पूजा करने से जिस कन्या को वर नही मिल रहा हो उसको सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है।यह स्थान भी पथरिया माता के पास बना है।

मान्यता के अनुसार हजारों की संख्या में भक्त अपनी अर्जी लगाने के लिये जंगल नीम के पेड़ की एक एक टहनी तोड़कर और पांच पत्थर लाकर डालते है।और आने वाले भक्त अपनी जुबानी बताते हुए कहा मुझे पहले से बहुत आराम है और में खड़ा भी नहीं हो पता था आज माता रानी पथरिया देवी के आशीर्वाद से में सहारा लेकर खड़ा होने लगा हूं इस तरह की मान्यता से लोगो का हुजूम देखने को मिलता है पथरिया देवी के स्थान पर।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ / स) संभाग क्रं. 1 सागर**

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-16/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 15.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_ PWDRB_ 308282_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 192.95 लाख (ग्रुप क्र.1) 1. बण्डा बरा केरवना मार्ग के कि.मी. 6, 7, 8, 12, 13 एवं 14 = 6.00 कि.मी. अनुमानित लागत 144.30 लाख 2. बण्डा गडर छापरी मार्ग के कि.मी. 3, 4, 5 एवं 6= 4.00 कि.मी. अनुमानित लागत 48.65 लाख | सागर | 19295000/- | 192950/- | 12500/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2023_ PWDRB_ 308284_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 232.78 लाख (ग्रुप क्रं.1) 1.निर्तला भाप सोन मंडीबामोरा मार्ग कि.मी.1,2,3,16/2-4,17,18, 19,20/2-4,21=7.80 कि.मी.अनुमानित लागत 186.70 लाख 2. बसारी महेरी मार्ग लं. 3.80 कि.मी. अनुमानित लागत 46.08 लाख | सागर | 23278000/- | 232780/- | 15000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2023_ PWDRB_ 308285_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत बी.टी.विभिन्न मार्गों में रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 263.23 लाख (ग्रुप क्रं.2) 1. खुरई पठारी मार्ग लं. 8.00 कि.मी. अनुमानित लागत 191.47 लाख 2. तलापार दुगाहाकला मार्ग के कि.मी. 1 से 6 =6.00 कि.मी. अनुमानित लागत 71.76 लाख | सागर | 26323000/- | 263230/- | 15000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2023_ PWDRB_ 308287_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी.रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 140.15 लाख (गुंप क्रं.1) 1. पाटन तेन्दूखेड़ा मार्ग लं. 1.05 कि.मी. अनुमानित लागत 52.21 लाख 2. चौरई मढिया अग्रसेन सहुआ छपरा मार्ग लं. 7.40 कि.मी. अनुमानित लागत 87.94 लाख | सागर | 14015000/- | 140150/- | 12500/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 5 | 2023_ PWDRB_ 308289_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 53.94 लाख (ग्रुप क्रं.1) 1. टूण्डरी धुलतरा मार्ग के कि.मी. 2, 3, 4 एवं 6=4.00 कि.मी. अनुमानित लागत 48.65 लाख 2. बिजोरा छिदली मार्ग के कि.मी. 1/4 एवं 1/6= 0.40 कि.मी. अनुमानित लागत 5.29 लाख | सागर | 5394000/- | 53940/- | 10000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 6 | 2023_ PWDRB_ 308290_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सागर के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 56.54 लाख (ग्रुप क्रं.1) 1. सिरोजा पामाखेड़ी मार्ग लं. 0.54 कि.मी. अनुमानित लागत 6.73 लाख 2. बहेरिया से बामोरा मार्ग लं. 1.60 कि.मी. अनुमानित लागत 36.07 लाख 3. पडरई बांसा महुआखेड़ा मार्ग लं. 1.00 कि.मी. अनुमानित लागत 13.74 लाख | सागर | 5654000/- | 56540/- | 10000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 93959000/- | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 16.09.2023 समय 10.00 से दिनांक 27.09.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट साईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

जी-19919/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्रं.1 सागर**

प्रमुख घाटों पर फैली गंदगी, लोग बोले- पितृपक्ष से पहले कराई जाए घाटों की साफ सफाई

# फिर जलकुंभी की चपेट में महेंद्र सागर तालाब





**टीकमगढ़, देशशबन्धु।** शहर का महेंद्र सागर तालाब एक बार फिर जलकुंभी की चपेट में है। तालाब के घाट पर बड़ी मात्रा में जलकुंभी फैल गई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग तालाब पर श्राद्ध और तर्पण करने जाते हैं। अगर यही हाल रहा तो लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय बाद इस बार महेंद्र सागर तालाब में जल का भराव अच्छा हुआ है। तालाब भरने से लोगों में खुशी है। वहीं गंदगी और जलकुंभी से तालाब पर नहाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और नगर पालिका से कई बार इस मुद्दे को लेकर शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन तालाब की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते पिछले माह सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने तालाब की सफाई के लिए प्रयास शुरू किया था। करीब 2 सप्ताह चले अभियान के बाद तालाब के प्रमुख घाटों को साफकर दिया गया थाए लेकिन अब एक बार फिर तालाब के सभी घाट जलकुंभी की चपेट में है। सामाजिक कार्यकर्ता जया श्रीवास्तव, सुरेश दौंदेरिया, गोलू अग्निहोत्री ने बताया कि पितृपक्ष से पहले तालाब के महादेव घाट और पितृ तर्पण घाट की साफसफाई जरूरी है। जिससे आने वाले श्राद्ध पक्ष में लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# धार्मिक झंडे को लेकर 2 समुदाय के लोगों में हुआ विवाद

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के मोहनगढ़ तिगैला पर मंगलबार दोपहर धार्मिक झंडे को लेकर दो समुदाय के कुछ लोगों के बीच में विवाद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ तरफ से कुछ लोग बाइक व चार पहिया वाहन से बजरंग दल की शौर्य यात्रा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही यह लोग मोहनगढ़ तिगैला के पास पहुंचे तो वहां पर सड़क किनारे लगे हुए धार्मिक झंडे में इन लोगों का वाहन टकरा गया। जिससे वह झंडा नीचे गिर गया। जानकारी में बताया गया कि इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक दूसरे के साथ झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ने पर एक समुदाय के लोगों द्वारा पथराव करने की जानकारी भी मिली है। पुलिस को इस घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल आला अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बन रही तनाव की स्थिति को नियंत्रण में किया गया। जानकारी मिली है कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, देहात पुलिस व दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में किया

# खाद्यान्न दुकानों पर अन्न उत्सव



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अवधेष शर्मा के निर्देशन में सार्वजनिक विपरण प्रणाली अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण किये जाने हेतु टीकमगढ़ जिले की सभी पीडीएस दुकानों पर 18,19 तथा 20 सितम्बर 2023 को अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में आज अन्न उत्सव के तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार नियमित खाद्यान्न वितरण किया किया। इसके साथ ही 20 सितम्बर 2023 को भी सभी पीडीएस दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शेष पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार नियमित खाद्यान्न वितरण किया जायेगा।

# त्योहारों को लेकर दिगौड़ा में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर व थाना प्रभारी नीरज लोधी द्वारा यह बैठक पुलिस थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में दिगौड़ा सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर भाग लिया। इस बैठक में तहसीलदार व थाना प्रभारी द्वारा आने वाले त्योहार श्रीगणेश महोत्सव, पर्यूषण पर्व, जलविहार महोत्सव, ईदमिलादुन्नबी सहित अन्य आगामी हिन्दू, जैन व मुस्लिम त्यौहार को लेकर क्षेत्र के उपस्थित व्यक्तियों से चर्चा की गई और आने वाले आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक, सौहार्द, आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए शासन व प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी त्योहारों पर पंडालों के लिए कमेटी बिजली का अस्थाई कनेक्शन लें, जिससे कोई अप्रिय घटना के दौरान बिजली कंपनी अपनी जिम्मेदारी ले सके। शासकीय आम रास्ते पर कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित न करें, डीजे को धीमी आवाज में बजाएं, तेज आवाज में डीजे बजने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी सभी त्यौहार आपसी भाईचारे, सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक के दौरान थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि शासन व प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुसार गणेश महोत्सव, पर्यूषण पर्व, ईदमिलादुन्नबी, जलविहार महोत्सव सहित अन्य आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में उपस्थित व्यक्तियों को बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को लेकर तत्काल पुलिस को सूचित करें। डीजे संचालकों को पंडालोंए रैलियों व जुलूसों में धीमी आवाज में डीजे बजाने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने शांति समिति में उपस्थित सभी व्यक्तियों को बताया कि आगामी सभी हिन्दू व मुस्लिम त्यौहार शांति, सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। शांति समिति की इस बैठक में जिला पंचायत सदस्य मनोहर अहिरवार, भगवान सिंह बुंदेला,सरपंच संघ जतारा अध्यक्ष रंजीत यादव, मालपीथा सरपंच प्रमोद मिश्रा, खेरा सरपंच ब्रजकिशोर यादव, ब्रजेन्द्र पटेरिया, रॉबिन विश्वकर्मा, बीरऊ सरपंच प्रतिनिधि विजय पुरोहित, मऊ बुजुर्ग सरपंच प्रतिनिधि रामराजा घोष, रतनगुवां सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, नादिया सरपंच प्रतिनिधि दिनेश राजपूत, लाखरौन सरपंच प्रतिनिधि हरिश्चन्द्र दांगी, सत्येन्द्र जैन, रवि राय, उत्तम अहिरवार, जितेन्द्र अहिरवार सहित डीजे संचालक सानू संज्ञा, गजेंद्र कायस्थ,रामसेवक कुशवाहा सहित अन्य कई व्यक्ति व पुलिस थाना से एएसआई कल्याण सिंह, करन सिंह, बालकिशन नायक, देवीसिंह, मुन्नालाल उपस्थित रहे।

सहकारी बैंक में 58 वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

# बैंक ने 49.66 लाख रूपये का किया लाभ अर्जित




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक टीकमगढ़ अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज बैंक प्रधान कार्यालय में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित टीकमगढ़ की 58 वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के द्वारा अपने उद्बोधन में जिले के कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में सहकारी साख संरचना से जोडने हेतु एवं सहकारिता से माध्यम से कृषकों के चतुर्मुखी विकास करने पर जोर दिया गया तथा ऐसे बड़े बकायदार जो सक्षम होते हुये भी ऋण नहीं चुका रहे है उनकी वसूली हेतु जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया जायेगा। साथ ही कलेक्टर श्री शर्मा ने बैंक एवं समितियों के सुचारू संचालन में उप-आयुक्त सहकारिता को सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अमानतो की ब्याज दरों में हाल ही में हुयी वृद्धि से अमानत संग्रहण में आई तेजी पर प्रशंसा की। साथ ही महिलाओं को उनकी एकल अमानतों पर 0.25 प्रतिशत अधिक ब्याज वाली योजना की सराहना की एवं अंत में सभी बैंक कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुये बैंक व्यवसाय में वृद्धि की अपील की। सभा में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. के. कनौजिया ने अपने उद्बोधन में बैंक के वर्ष 2022-23 का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुये आगामी वर्ष के बारे में उपस्थित सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसके अंतर्गत बैंक में आलोच्य वर्ष में रू 49.66 लाख लाभ अर्जित करने एवं बैंक के द्वारा गत वर्ष अधिक वसूली करने की जानकारी दी गयी। साथ ही वर्ष 2024-25 में 3200.00 लाख का आय -व्यय बजट प्रस्तुत किया गया। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-आयुक्त सहकारिता जिला टीकमगढ़ एसपी कौशिक, अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं आई.सी.आई.सी.आई बैंक प्रबंधक भी उपस्थित हुये। सभा के उपरांत वर्ष के दौरान ऋण वसूली ऋण वितरण, मत्स्य पालन एवं समिति स्तर की वसूली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले बैंक एवं फील्ड के कर्मचारियों को बैंक प्रबंधन के द्वारा सम्मानित किया गया। सभा के अंत में बैंक के महाप्रबंधक एस.के. कनौजिया के द्वारा सभी उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# 11 लाख की लागत से बनाई जा रही सीसी सड़क का पार्षद ने किया भूमि पूजन



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली वार्ड क्रमांक 1 में 11 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सीसी सड़क का बीते मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। वार्ड पार्षद अशोक उर्फराज नापित ने सीसी सड़क का भूमि पूजन करते हुए शुभारंभ किया। इस मौके पर पार्षद अशोक उर्फराज नापित ने कहा कि वार्ड के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं का लाभ वार्ड के हर पात्र व्यक्ति को दिलाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए सभी मिलकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि घरों का कूड़ा कचरा गाड़ी में ही डालें, पेयजल की बर्बादी न करें। इस मौके पर उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने की निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय वार्ड के लक्ष्मण माते, रंभा रैकवार, बंसी रैकवार, राहुल रैकवार समेत अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# युवा चेतना जागरण कार्यशाला सम्पन



**जतारा, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ दिया के सामूहिक प्रयास से एवं शांतिकुंज हरिद्वार के प्रांतीय प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में 19 सितंबर को सी एम राइज स्कूल जतारा के परिसर में गायत्री मिशन के रचनात्मक अभियान के तहत दोपहर 12 से 4 बजे तक एक युवा चेतना जागरण कार्यशाला वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास जीवन प्रबंधन, व्यसन मुक्ति, जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने प्रांतीय प्रतिनिधियों की एक टोली द्वारा तहसील स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रांतीय टीम के प्रमुख दिलीप कटारे, डॉ सिद्दनाथ खजूरिया, डॉ दयानंद समेले एवं जिले स्तर से संयोजक प्रियेश सैन, प्रशिक्षक टीम के रूप में जतारा पहुँचे। गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ युवा जागरण से ओतप्रोत युग संगीत राकेश मिश्रा जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ण्डॉ खजूरिया जी ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की शक्ति हैए और इसका सही दिशा में सुनियोजन होना बहुत जरूरी है। अगले वक्ता डॉ दयानंद समेले ने कहा कि समय का दुर्पयोग और आलसए अकर्मण्यता आज के युवा में व्यसन की तरह घुल गये है जिन्हें दूर कर जीवन को स्वस्थ्य बनाना ही होगा तभी मानसिकता अच्छी बनेगी। प्रांतीय टीम के प्रमुख दिलीप कटारे ने समय प्रबंधन पर जोर दिया। प्रियेश सैन, डॉ.रामनरेश घोष, ने भी युवाओं को व्यक्तित्व परिष्कार के छोटे-छोटे टिप्स दिये। युवा प्रकोष्ठ जतारा के सदस्यों ने पंच महाभियानो के तहत,वृक्षरोपण, बाल संस्कार शाला, स्वच्छता, भागीरथी जलाभिषेक आदि रचनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रतिनिधियों के तौर पर जिला समन्वयक के पी शर्मा, तहसील समन्वयक सुरेश दुबे एडवोकेट, ओपी दीक्षित, संतोष खरे, केशवदास शर्मा, बालमुकुंद चौरसिया, बलवान सिंह, काशीराम साहू, काशी चौरसिया मनोज त्रिपाठी, जालम प्रजापति, धर्मेन्द्र चौरसिया मौजूद रहे। संचालन मदन समेले द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नगर एवं आस पास के मंडलों के प्रतिनिधियो ने भागीदारी की।

# पर्युषण पर्व शुरूः जैन मंदिरों में शुरू अनुष्ठान आरंभ



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जैन समाज के 10 लक्षण पर्व मंगलवार से शुरू हो गए हैं। आज सुबह से ही जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र पपौरा और बंधा में श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक और पूजन किया। प्राचीन अतिशय क्षेत्र बंधा में मुनि विनम्र सागर महाराज, निस्वार्थ सागर, निर्मद सागर, निसर्ग सागर, श्रवण सागर और छुल्लक हीरक सागर महाराज का चातुर्मास चल रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों भक्त बंधा पहुंचकर भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा में शामिल हो रहे हैं। आज से मंदिरों में जैन समाज की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पूजा, पाठ विधान, अभिषेक, शांतिधारा, उपवास एकासन आदि कर रहे हैं। प्रदीप जैन ने बताया कि बंधा में मंगलवार को 10 लक्षण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा दिवस के अवसर पर श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा संपन्न हुई। इसके बाद आचार्य विद्यासागर महाराज का पूजन हुआ।

## जीवन में क्षमा करना बेहद जरूरी

जैन तीर्थ क्षेत्र बंधा में निर्मद सागर महाराज के प्रवचन हुए। उन्होंने कहा कि आज आप सभी लोग बंधा में अजितनाथ भगवान के दरबार में 10 लक्षण पर्व मनाने आए हो। यह पर्व आपके जीवन में पुण्य की वृद्धि करेगा। आज उत्तम क्षमा धर्म का दिन है। संसार में प्रत्येक मानव प्राणी के लिए क्षमा रूपी शास्त्र इतना आवश्यक है कि जिनके पास यह क्षमा नहीं होती वह मनुष्य संसार में अपने इष्ट कार्य की सिद्धि नहीं कर सकता है। क्षमा आत्मा का धर्म है। इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं, उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए।

## क्रोध से नष्ट हो जाता है जीवन

महाराज ने कहा कि थोड़ा कर्ज समय से नहीं चुकाया तो बड़ा रूप धारण कर हमारे जीवन की शांति को अशांति में बदल देता है। इसी प्रकार थोड़ा सा क्रोध हमारे जीवन में अगर आ गया तो वह हमारे जीवन को नाश करने वाला होता है। मुनि श्री ने कहा कि क्रोध हमारे चरित्र की सबसे बड़ी दुर्बलता है। क्रोध ऐसा विकार है जो हमें निर्विकार नहीं होने देता है। क्रोध रूपी जहर हमारे मन मस्तिष्क को परेशान कर देता है।

पंडालों में विराजे रिद्धि सिद्धि के दाता,मंदिरों में अभिषेक पूजन के साथ शुरू हुए अनुष्ठान

# टीकमगढ़ में गणेश चतुर्थी पर्व की धूम



**-टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार रात से ही पंडालों में भगवान श्री गणेश की मिट्टी से बनी प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू हो गया था। आज सुबह पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर पिछले 1 सप्ताह से शहर में जगह-जगह भगवान श्री गणेश की मिट्टी से बनी प्रतिमाएं बेची जा रही है। सोमवार को दिन भर प्रतिमाएं खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ लगी रही। आज सुबह से लोगों ने मिट्टी से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं खरीद कर घरों में स्थापित की। इसके अलावा शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। सोमवार देर रात तक पंडालों में प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला चलता रहा। पुलिस लाइन स्थित गणेश मंदिर के पुजारी मनु महाराज ने बताया कि अगले 10 दिनों तक पंडालों और घरों में भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान गणेश पंडालों और मंदिरों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## मंदिरों में हुआ अभिषेक और पूजन

गणेश चतुर्थी पर्व के चलते आज शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। पुलिस लाइन स्थित गणेश मंदिर में आज सुबह विधि विधान से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया। इसके अलावा कुंडेश्वर रोड स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी है। लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

## सार समाचार

### डाक मत पत्र व्यवस्था में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न



दमोह देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत डाक मत पत्र व्यवस्था में लगाए गए कर्मचारियों का प्रशिक्षण स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कक्ष क्रमांक 3 में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बताया गया कि जो कर्मचारी अपने निर्धारित मतदान केंद्र में चुनाव ड्यूटी के कारण मतदान देने से वंचित रहते हैं, ऐसे कर्मचारियों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मत पत्र के माध्यम से अपने पसंदीदा अभ्यर्थी को मत देने का अधिकार होता है जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मतदान करता है । डाक मत पत्र से मत की गोपनीयता निष्पक्षता एवं सुचिता बनाए रखने के लिए इस प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों को विधिवत्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डिप्टी कलेक्टर महेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में संजीव मिश्रा सहायक संचालक सामाजिक न्याय विभाग एवं दिलीप जोशी राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर निर्वाचन के सहायक नोडल मुकेश द्विवेदी, एस सन हसन, मोहन राय सहित विभिन्न विधानसभाओं में डाक मत पत्र व्यवस्था में संलग्न कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

जागेश्वरनाथ की पूजा कर निकाली जनाक्रोश यात्रा

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री बोले-जनआर्शीवाद यात्रा नहीं माफी यात्रा निकाले भाजपा



दमोह देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनक्रोश यात्रा प्रभारी अरूण यादव के नेतृत्व में श्रीदेव महादेव जागेश्वरनाथ की पूजन अर्चन के पश्चात् जनाक्रोश यात्रा की प्रथम बांदकपुर में आयोजित आमसभा में गरजते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 18 वर्षो में कितने घोटाले किये भर्ती परीक्षाओं की घज्जियाँ उड़ा कर रख दी अब किस मुँह से जन आर्शीवाद निकाल रहे हैं इन्हें तो माफी यात्रा निकालना चाहिये। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी सी.पी. मित्तल लोकसभा आर्ब्जवर कमलकांत शर्मा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी धर्मेश घई का दमोह नगर के मुख्य मार्गो पर आम जनता ने फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनाक्रोंश यात्रा को अपार सर्मथन मिल रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 160 से अधिक सीटे जीतकर जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी। विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा को शायद मँहगाई दिखाई नहीं देती पिताजी अगर अपने बेटे को मोबाइल दिला देते है तो उसके पास रीचार्ज करने पैसे नहीं, मोटर साइकिल दिला देते है तो पेट्रोल के पैसें नहीं है। इस दौरान मनु मिश्रा, प्रताप सिह, सतीश जैन, प्रभु सिंह ठाकुर, जीवन पटेल, कमलेश साहू, सुरेंन्द्र चौधरी, राजेश तिवारी, कमलेश उपाध्याय, रोहन पाठक, रजनी ठाकुर, निधि श्रीवास्तव, कोमल अहिरवार, तिलक सींग, गोलू सराफ़ अमर सिंह, सुषमा विक्रम सिंह ने भी अभाना में आयोजित आमसभा में भाजपा की नीतियों को जमकर कोसा इस अवसर पर बांदकपरु से केवलारी, सलैया, रंजरा से अभाना तक सैकड़ों में आम जनता ने यात्रा का स्वागत किया एवं मडलम सैक्टर सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## कई पंचायतों में राशि न मिलने से सामुदायिक भवन निर्माण अधूरे

दमोह/पथरिया देशबन्धु। जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय में स्टांप ड्यूटी व अन्य मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शासन द्वारा राशि नही दिए जाने के कारण अधूरे पड़े जर्जर हालत में हो रहें हैं लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है पिछले सरपंच के कार्यकाल खत्म हो गयें नवनिर्वाचित सरपंच के कार्यकाल को एक वर्ष होने वाला है पर अभी तक पिछले सामुदायिक भवन निर्माण पूर्ण नही हो पा रहे हैं किसी किसी पंचायत में 3 लाख की पहली किस्त तो किसी को 6 लाख रुपए की राशि मिली जबकि सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख व 2 लाख बाउंड्री वॉल के लिए मिलना थे समय पर राशि नही मिलने से सामग्री के दामों में वृद्धि हो जाती है जिससे फिर वह उक्त राशि में बन पाना कहां तक संभव है। ग्राम पंचायत असलाना में सामुदायिक भवन की पहली किस्त मिली उसके बाद शासन द्वारा राशि नही दी गई जिससे दीवार अकेली बनकर वर्षो से अधूरी पड़ी। हर निर्माण कार्य की राशि अगर समय से दी जाए तो काम भी समय पर हो और निर्माण एजेंसी को परेशानी भी नही होगी।

### जनसुनवाई में 81 आवेदन आये



दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले के दूरदराज क्षेत्र से आये आवेदकों की शिकायतों को आज सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने सुना और सबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित विभाग प्रमुखों ने सहभागिता निभाई। जनसुनवाई में 81 आवेदन आये।

## अशासकीय शिक्षण संस्था संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

दमोह देशबन्धु। मध्य प्रदेश प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ जिला इकाई दमोह और दमोह जिले के सातों ब्लॉक, दमोह, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा, जबेरा, पटेरा, बटियागढ़ से आए सभी पदाधिकारियों और सामान्य सदस्यों द्वारा एक रैली का आह्वान किया गया जिसमें शासन द्वारा प्राइवेट स्कूलों के साथ भेद भाव के विरोध में प्रदर्शन किया गया। रैली अंबेडकर चौक से घंटाघर होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची और वहां मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा शासकीय स्कूलों में अध्यनरत बच्चों को स्कूटी, लैपटॉप, साइकिल, यूनिफॉर्म, किताबें वितरण की जाती है, जबकि प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को उपरोक्त सभी लाभों से वंचित रखा जाता है। आरटीई के अंतर्गत निशुल्क अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए केवल ट्यूशन फीस की ही प्रीतिपूर्ति होती है वह भी समय पर नही की जाती है और अन्य विभिन्न समस्यायों के निराकरण और मांगों को रखा गया है। रैली में जिला इकाई से जिला संरक्षक सुधांशु




चौबे, अलीम बख्श,राम बिदोलिया, संभागीय संयोजक मोहम्मद अजहरुद्दीन शेख, जिला अध्यक्ष शिव सिंह यादव, हटा ब्लॉक अध्यक्ष भगवान दास पटेल, पथरिया ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश पटेल, बटियागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गौतम जी, पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष नयन खरे, तेंदूखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अनिल चौधरी और जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष उमेश यादव और समस्त ब्लॉक से आए सभी पदाधिकारी गण व सामान्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## गरीब कल्याण योजनाओं का किया प्रसार




दमोह देशबन्धु। मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण महाअभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दमोह जिले में जबेरा विधानसभा तथा हटा विधानसभा क्षेत्रों में गत दिनों से दो प्रचार रथों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा में प्रचार रथ के माध्यम से तारादेही के ग्राम बहेरियामाल, बांसी, खमरिया, सगरा, सारसबगली, तारादेही, कोटखेड़ा, पौड़ी, समनापुर एवं कोडल में तथा विधानसभा क्षेत्र 57 हटा में पटेरा के सेक्टर महुआखेड़ा अंतर्गत इमलिया रावत, सिमरी देवीसींग, महेवा, बिलाखुर्द, कुंवरपुर, सिमरी शुक्ल, हरदुवा घाट, पड़री सहजपुर, पुरवा, सगौनी, जमाटा, पथरिया, कुलुवा, सिंगपुर, रमपुरा, सांगा, रमगढ़ा एवं रेवझाघाट में प्रचार-प्रसार किया गया।

## युवा सारथी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



दमोह देशबन्धु। स्थानीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन भोपाल के प्रायोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में युवा सारथी का एक दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपर्युक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. के.पी.अहिरवार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। डॉ. एन.आर. सुमन ने कार्यशाला का उद्देश्य, भूमिका, मूल्यांकन, ग्रेडिंग, क्रेडिट, पॉइन्ट, ए.जी.पी.ए. सी.जी.पी.ए. आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक गणित डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवाल ने अपना वकतव्य दिया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य, क्रेडिट सिस्टम, मूल्यांकन आदि शीर्षकों में विस्तृत जानकारी दी गई। उपर्युक्त जानकारी से दमोह जिले के समस्त महाविद्यालयों के छात्र एवं शिक्षक लाभांवित हुए। कार्यक्रम में दमोह जिले के सभी शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी एवं युवा सारथी के रूप में विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आलोक जैन, डॉ. इन्दिरा जैन, डॉ. अनीता नायक, अनिल जैन, डॉ. जी.पी. अहिरवार, डॉ. रश्मि जेता, डॉ. पी.के.जैन, डॉ. हरिओम दुबे, नाजनीन बेगम, एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण बिल पास होने से महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त होगी



दमोह देशबन्धु। दमोह नगर पालिका परिषद की वरिष्ठ भाजपा पार्षद और भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की दो बार जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश कार्यसमिति तक के विभिन्न दायित्वो का निर्वाहन करने वाली कविता राय ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पुन: लाने पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी हमेशा समर्पित रही है पूर्व में भी कई बार भाजपा ने लोकसभा के अंदर महिला आरक्षण बिल प्रस्तुत किया था लेकिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा इसमें सहयोग नहीं करने से यह बिल पारित नहीं हो सका ,लेकिन इस बार माननीय मोदी जी के कुशल नेतृत्व में इस बिल को लोकसभा में पारित किया जायेगा । महिला आरक्षण बिल से महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त, मजबूत और इस देश को चलाने में अपनी बड़ी हिस्सेदारी निभा सकेंगी । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा पुन: यह बिल लाने पर बहुत-बहुत धन्यवाद आभार ।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पहुंचे कुंडलपुर



दमोह देशबन्धु। मां रूकमणी की अति प्राचीन पाषाण प्रतिमां की पुर्नस्थापना 22 सितम्बर को होने जा रही हैं। कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी गतदिवस कुंडलपुर पहुंचे। जहां उन्होने रूकमणी मठ एवं अंबा मठ का निरीक्षण किया। आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर उन्होने अवलोकन किया एवं अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर प्रत्येक बिंदु पर जानकारी ली एवं आयोजन स्थल का भ्रमण किया।

## ईद मिलादुन्नबी के दिन शराब और नशे पर पाबंदी लगाने सौंपा ज्ञापन

सिरोंज, देशबन्धु। राष्ट्रीय पर्व ईद मिलाद उन नबी पर प्रदेश भर में शराब तथा सभी प्रकार के नशे की सामग्री की बिक्री पर पाबंदी लगाने के लिए आल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया गया। राष्ट्रीय पर्व 28 सितंबर को श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम , उपाध्यक्ष शब्बू गोरी, वाजिद कुरेशी, वसीम अख्तर इमरान, डॉक्टर सोहेल, निजाम खान, शेरू, समीर, वाहिद



खान आदि उपस्थित रहे। अब 28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाया जाएगा। इस दिन रात में 9 बजे शहर के मध्य स्थित जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। 29 सितंबर की रात में पुराना बस स्टैंड पर ईद मिलादुन्नबी का जलसा होगा, जिसे भोपाल के ताजुल मस्जिद के उस्ताद मौलाना सैयद शराफत अली के साथ ही अन्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा।

## भारतीय खेल प्राधिकरण टीकमगढ़ में सॉफ्टबॉल की गैर आवासीय योजना के लिए चयन ट्रायल 20 से

टीकमगढ़, देशबन्धु। भारतीय खेल प्राधिकरण टीकमगढ़ में सॉफ्टबॉल डे बोर्डिंग स्कीम के लिए चयन प्रक्रिया 20 एवं 21 सितंबर 2023 को अमर शहीद नारायण दास खरे साई हॉकी स्टेडियम गंजीखाना पर आयोजित की जा रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण टीकमगढ़ के केंद्र प्रभारी देवेश चंदेल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को नि:शुल्क खेल उपकरण, स्पोर्ट्स किट, स्टाइपेंड एवं खेल प्रतियोगिता के लिए यात्रा भत्ता की सुविधा प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया के लिए खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर भागेदारी/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम तीन पदक अर्जित होना आवश्यक है। आयु सीमा खिलाड़ी का 14 से 18 वर्ष का होना अनिवार्य है। आवेदक अपने साथ आधार कार्ड की प्रति, जन्म प्रमाण पत्र कीप्रति,बैंक अकाउंट की प्रति, संबंधित खेल के प्रमाण पत्र की प्रति तथा 5 पासपोर्ट साइज फ्रोटो साथ में अवश्यक लायें। सभी दस्तावेज की 3 प्रतियां के साथ आवेदन अमर शहीद नारायण दास खरे साई हाकी स्टेडियम गंजीखाना पर देवेश चंदेल सहायक सॉफ्टबॉल कोच को जमा कर सकते है।

## वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 है। अत: जीएसटी से पंजीकृत/अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय/महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सी.ए., वकील, बीमा अभिकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर कोचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिमसेंटर, धर्मकांटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाईनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब पेथौलॉजी, नर्सिंग होम, क्योस्क सेंटर, फैशन डिजाईनर, बुटीक, किराना व्यवसाई, प्रोविजनल स्टोर, पेट्रोल पम्प, टोल प्लाजा, कम्प्यूटर कॉलेज, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर, अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, एलआईसी आदि 30 सितम्बर 2023 तिथि तक अनिवार्यत: वृत्तिकर जमा करायें, जिससे शास्ति एवं बसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।

## टीकमगढ़ में 26-27 को आएगी जन आक्रोश यात्रा

### कांग्रेसियों ने की स्वागत की तैयारियां, पूर्व मंत्री बोले- जनता को बताएंगे 18 सालों का भ्रष्टाचार



टीकमगढ़, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार से जन आक्रोश यात्रा की शुरुआत की है। 26 और 27 सितंबर को यात्रा टीकमगढ़ जिले में रहेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर आज जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक रखी गई। जिसमें जिले की तीनों विधानसभाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस के पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज से पूर्व मंत्री अरुण यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा की शुरुआत कर दी गई है। यात्रा के दौरान भाजपा सरकार की 18 वर्षों की अव्यवस्थाओं, जन विरोधी नीतियों, महंगाई, भ्रष्टाचार, लाल फ ीता शाही से जनता को अवगत कराया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन दोगुनी की थी। कन्यादान योजना में राशि बढ़ाकर 51000 की गई थी और प्रदेश के लाखों किसानों के कर्जे माफ किए थे। कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र नापित ने बताया कि यात्रा में बुंदेलखंड का प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को बनाया गया है। 19 जिलों में 1700 किलो मीटर की जन आक्रोश यात्रा का आज दमोह से आगाज हो चुका है। यात्रा 26-27 सितंबर के बीच टीकमगढ़ में आएगी। पूर्व विधायक अजय यादव ने कहा कि हम सभी को यात्रा के दौरान पूर्व सीएम कमलनाथ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

जोरदार स्वागत की रूपरेखा बनाई

बैठक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा का जिले में जोरदार स्वागत किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री किरण अहिरवार ने कहा कि महंगाई से जनता हाहाकार कर रही है। पिछले 18 वर्षों से भाजपा सरकार को जनता की वेदना समझ नहीं आ रही थी। अब सरकार जाने वाली है तो उन्हें लाडली बहनें याद आ गईं।

इनकी रही उपस्थिति

महेश यादव, संजय नायक, दिग्विजय सिंह गौर, पंकज अहिरवार, अनिल बड़कुल, सूर्य प्रकाश मिश्रा, सुधीर बजाज, पार्थ सिंह, भगतराम यादव, रविंद्र अध्वर्यु, अशोक अहिरवार, पूनम जायसवाल, योगेंद्र योगी,नंदकिशोर राय, लक्ष्मण रैकवार, अनीश खान, हबीब राइन, अरविंद खटीक, जशवंत वाल्मीकि, रामकुमार यादव, केशव सेन, सुरेंद्र यादव, अंकित जैन, प्रभात पुरोहित, रानू मिश्रा, देवीलाल अहिरवार सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

## बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन क कार्यों की समीक्षा

रायसेन, देशबन्धु। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की भी जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


## लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

रायसेन, देशबन्धु। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर दुबे द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर चर्चा करते हुए सभी विभागों, शासकीय-अशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में अधिनियम के तहत नियमानुसार आंतरित परिवाद समिति का अनिवार्य रूप से गठन किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए।

मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

# दलित गायक से सिर पर जूते रखवाकर माफ़ी मंगवाई गई

**चित्तौड़गढ़, एजेंसी।** जिले के परसोली थाना इलाके के दुगार गांव में दलित भजन गायक कलाकार के सिर पर जूतियों की गठरी रख कर सार्वजनिक मंच पर माफी मंगवाने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग भजन गायक कलाकार पर आरोप है कि उसने बगड़ावत गायन के दौरान गुर्जर समाज की देवी साडू माता का अपमान किया है। घटना 16 सितंबर की बताई गई है।



घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार व गांव में बसे दलित डरे हुए हैं। कुछ लोग दलितों को फोन कर जान से मारने की धमकी तक दे रहे हैं। धमकाने के ऑडियो भी वायरल है। बुजुर्ग दलित भजन गायक कलाकार के साथ हुई बर्बरता का वीडियो वायरल होने के बाद दलित संगठनों में आक्रोश है। घटना के विरोध में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के बैनर तले विभिन्न दलित संगठनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर बयान लिए है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की नहीं हुई है।

मेघवाल महासभा जिलाध्यक्ष शंकर लाल मेघवाल बिलड़ी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू उपखण्ड के दुगार ग्राम में डालचन्द सालवी उम्रदराज व्यक्ति है। गांव-गांव घूम कर बगड़ावत गीत गाने का काम करते है। गत 16 सितम्बर को दुगार एवं आस-पास के गांवों के असामाजिक तत्वों ने भजन गायक कलाकार पर बगड़ावत गीत में साडू माता का अपमान करने का आरोप लगा डरा धमकाकर कर माफी मांगने के लिए विवश किया। इस दौरान गायक कलाकार के सिर पर जूतों की गठरी रख कर हाथ जोड़ कर माफी मंगवाई गई। यह अमानवीय घटना है। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी वायरल किया है। इस तरह की घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है। इस घटना के बाद से ही दलित संगठनों में आक्रोश है।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के संरक्षक निर्मल देसाई ने कहा कि यह घटना जातीय मानसिकता के बढ़ते अपराधों की ओर इशारा करती है। जिस गीत पर गुर्जर समाज के लोगों ने आपत्ति जताई है। मैंने नहीं सुना है। गीत के बोल से यदि आपकी लोक मान्यताओं को आघात पहुंचा है तो आप कानूनी कार्रवाई कर सकते थे। वो बुजुर्ग भजन गायक कलाकार है। जिन्हें आपने केवल दलित होने के कारण अपमानित किया है। निर्मल देसाई कहते हैं कि इस घटना के विरोध में हमने पुलिस अधीक्षक को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा है। पुलिस से वायरल वीडियो में नजर आ रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय सालवी सूत्रकार महासभा संरक्षक मदरन सालवी ने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिले के पारसोली थानान्तर्गत दुगार गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति डालचन्द बलाई बगड़ावत भजन गायक कलाकार को गांव के बीच में खड़ा कर सिर पर जूते रखवा कर सरेआम खाफ पंचायत के फैसले के तहत माफी मंगवाई गई। यह घटना अतिनिन्दनीय है। इस घटना को लेकर दलित संगठनों ने राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक एवं मानवाधिकार आयोग तथा जिला कलेक्टर को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच संस्थान के संस्थापक एवं संयोजक छगनलाल चांवला, बामसेफ के राष्टीय पदाधिकारी रामावतार मीणा, सीताराम मीणा प्रतापगढ़, गौरव जाटव छोटीसादड़ी, अशोक मीणा बडीसादड़ी, शंकरलाल मीणा प्रतापगढ़, विनोद मीणा बड़ीसादड़ी, गोविन्द मीणा बड़ीसादड़ी, भैरूलाल बैरवा चित्तौड़गढ़ तथा भैरूलाल मीणा मुरोली, गंगाराम मेघवाल चितौड़गढ़, शांतिलाल मेघवाल, वृद्धि चन्द मेघवाल, नानालाल रैगर सहित दर्जनों दलित संगठनों से लोग मौजूद रहे। चित्तौडगढ़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने इस घटना में संबंधित पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जांच बेगू पुलिस उपाधीक्षक को सौंपी गई है। द मूकनायक ने बैगू पुलिस उपाधीक्षक अनुपम मिश्रा से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

गंजबासौदा में मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, बोले-

# टूटी टपरिया के बदले मिलेगा अपना मकान

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की 1.32 करोड़ बहनों के परिवारों को राहत दी है। परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बहनों को चिंता नहीं करनी पड़ती।

इस योजना में क्रमश- राशि बढ़ती जाएगी। बहनों की आँखों में आंसू नहीं होंगे। उन्हें इस योजना के माध्यम से सम्मान देने का कार्य भी किया गया है। उन्होंने कहा कि आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को टूटी टपरिया की जगह आवास दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज विदिशा जिले के गंजबसौदा में जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक श्रीमती लीना जैन के अलावा विदिशा जिले के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। गंजबासौदा में मुख्यमंत्री श्री चौहान का

## बहनों के लिए हर साल 16 हजार करोड़

पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वे परिवार जो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से छूट गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास (लाड़ली बहना जन आवास) योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। परिवारों को मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना में पट्टे भी प्राप्त होंगे। आवास योजना के लिए प्रपत्र भरवाने का कार्य शुरू किया गया है। स्क्रीनिंग के बाद हितग्राहियों का चयन कर लाभ दिलवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जहाँ 200 रूपये की कमी कर रसोई गैस सिलेंडर के दाम घटाए हैं, वहीं प्रदेश सरकार ने सावन का उपहार देते हुए उज्वला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रूपए में रसोई गैस सिलेंडर दिलवाने का कार्य किया है। यही नहीं बिजली




के बढ़े हुए बिलों का भुगतान भी सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एक किलोवॉट क्षमता का विद्युत उपयोग करने वाले निर्धन परिवार पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान वर्ग के लिए राज्य सरकार ने वे सभी योजनाएं पुन- प्रारंभ कीं, जो पूर्व सरकार ने वर्ष 2019 में बंद कर दी थीं। जहाँ किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से किसान को वर्ष में 12 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है, वहीं अब किसानों के बेटा-बेटी भी सरकारी स्कूल में अध्ययन के बाद नीट के माध्यम से एमबीबीएस पाठ्यक्रम में चयन के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का लाभ लेकर डॉक्टर बनेंगे। इसी तरह मेडिकल और इंजीनियरिंग की हिंदी में पढ़ाई का प्रबंध किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने गंजबसौदा क्षेत्र सहित प्रदेश में सिंचाई योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं दिलवाया। अब इन योजनाओं के अमल में तेजी आई है। इसी तरह कृषकों को ट्रांसफार्मर के लिए अनुदान योजना के प्रपत्र भरवाना शुरू किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन का लाभ बड़ी संख्या में परिवारों को मिला है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब प्रदेश के बुजुर्ग हवाई यात्राएं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि आम जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए धनराशि की कमी नहीं होती। राज्य सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य कर सकती है। इसके लिए सरकार में बैठे लोगों के हृदय में जनता के लिए कार्य करने की तड़प होना चाहिए। कुछ करने की ललक हों तो वित्तीय बाधाएं भी आड़े नहीं आती हैं। जो लोग कहते हैं कि सरकार में कार्यों के लिए राशि नहीं हैं, दरअसल वे जनकल्याण करना ही नहीं चाहते।

# मुख्यमंत्री निवास में गणपति की स्थापना और पूजा अर्चना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गणेश चतुर्थी के अवसर पर परिवार के साथ भोपाल के प्लेटिनम प्लाजा के पास मूर्तिकार रवि प्रजापति द्वारा निर्मित विघ्नहर्ता गणपति जी की प्रतिमा लाकर निवास में प्रतिष्ठापित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री निवास में विधि विधान पूर्वक गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सपरिवार भगवान गणेश की पूजा अर्चना की।

# भाजपा कार्यालय में विराजे गणेश

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गणेश चतुर्थी के अवसर पर चंद्रयान की थीम पर श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। यह प्रतिमा पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने पार्टी नेताओं के साथ विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की।

इस अवसर पर श्री सबनानी ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणेश सभी का मंगल करें और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लाएं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, राहुल



कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, वन विकास निगम के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, नगरनिगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, डॉ. दीपक विजयवर्गीय, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, मिलन भार्गव, श्रीमती शशी सिन्हो, श्रीमती सरिता देशपाण्डे, विकास विरानी, अभयप्रताप सिंह याद, रविन्द्र यति, उमाकांत दीक्षित, लिलि अग्रवाल, विकास बोंदरिया, रंजीत सिंह चौहान, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, शिवम शुक्ला, रामप्रकाश वंशकार एवं राकेश शर्मा सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बेकाबू बस नहर में गिरी, 8 यात्रियों की मौत



**मुक्तसर, एजेंसी।** पंजाब के मुक्तसर में आज दोपहर बड़ा हादसा हो गया. यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस सरहिंद नहर में गिर गई, जिससे आठ यात्रियों की मौत हो गई. वहीं कुछ यात्रियों के बह जाने की आशंका जताई जा रही है. बस में 60 से 65 यात्री सवार थे. इनमें से 40 को बचा लिया गया है. वहीं 11 यात्री घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है. हादसे को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुख जताया और घायलों के समुचित इलाच के निर्देश दिए।

बता दें कि हादसा कोटकपुरा रोड पर झबेलवाली गांव के पास हुआ. एक निजी कंपनी की बस अचानक सरहिंद नहर में गिर गई. यात्रियों की चीख-पुकार सुन लोगों ने इसकी सूचना पुलिस-प्रशासन को दी और खुद की रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. आनन-फानन में पुलिस-प्रशासन की टीम भी एनडीआरएफ के साथ पहुंच गई। एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला फंसे हुए यात्रियों को निकालना शुरू किया। इस हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है. इसकी आधिकारिक पुष्टि भी कर दी गई है. वहीं 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि 40 यात्रियों को बचा लिया गया है. हादसे के वक्त बस में 60-65 यात्री सवार थे. दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बस की रफ्तार तेज थी. बस नहर के किनारे लगी लोहे की ग्रिल तोड़ते हुए नहर में जा गिरी. एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल और विभिन्न थानों की पुलिस ने मौके पर जाकर राहत कार्य शुरू किया. हलका विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ भी मौके पर पहुंच गए. बस मुक्तसर से कोटकपुरा जा रही थी।

## मान ने हादसे पर जताया दुख

वहीं मुक्तसर हादसे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया. उन्होंने लिखा कि, मुक्तसर-कोटकपुरा रोड पर एक निजी बस के नहर में गिरने की दुखद खबर. प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं. बचाव अभियान की पल-पल जानकारी ले रहा हूं. भगवान सभी पर कृपा करें. अच्छा स्वास्थ्य दें।

एक साथ 7 स्थानों से शुरू हुई कांग्रेस की 'जन आक्रोश यात्राएं', नेताओं ने लगाया आरोप

# प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार की छूट

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की जनआशीर्वाद यात्राओं के जवाब में आज से कांग्रेस ने जनआक्रोश यात्राएं शुरू की। श्योपुर, जबेरा, चितरंगी, सिमरिया, हरदा, खरगोन, मंदसौर से प्रारंभ हुई यात्राओं का नेतृत्व कर रहे दिग्गज नेताओं ने जहां मंहगाई, भ्रष्टाचार, अराजकता को मुद्दा बनाया। वहीं कमलनाथ के नेतृत्व में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कमलनाथ और कांग्रेस के वचनों को भी इस दौरान दोहराया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश भर में जहां भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश है, वहीं कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्राओं पर तंज कसा और कहा कि भाजपा नेता किस बात का जन आशीर्वाद चाहते हैं, क्या इन्हें विधायकों की खरीद फरोख्त के लिए जन आशीर्वाद चाहिए, क्या इन्हें प्रदेश को 4 लाख करोड़ से अधिक के कर्ज में डुबाने का जन आशीर्वाद चाहिए, क्या इन्हें पटवारी भर्ती घोटाले का जन आशीर्वाद चाहिए, आज प्रदेश का किसान देश में सबसे ज्यादा कर्जदार है, क्या इन्हें इस बात का जन आशीर्वाद चाहिए!

मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने श्योपुर के गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की और जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं हरदा में जन आक्रोश यात्रा शुरू करने से पहले पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने ओम पटेल, आर के दोगने, रामू टेकाम सहित कांग्रेस नेताओं के साथ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया किया। मप्र विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय कपूर ने रीवा के किला प्रांगण में भगवान महामृत्युंजय का अभिषेक एवं भगवान श्री गणेश की पूजा के बाद जन आक्रोश यात्रा शुरू की। पूर्व



केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सी.पी. मित्तल ने दमोह में भगवान जागेश्वरधाम में पूजन-अर्चन कर 'जन आक्रोश यात्रा' का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री और विधायक जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, प्रदेश प्रभारी कुलदीप इंदौरा, मंदसौर अध्यक्ष नव कृष्णा पाटिल, विधायक दिलीप गुर्जर, विधायक कुणाल चौधरी, महेश परमार, अर्चना जायसवाल, प्रकाश रातडिया, वीरेंद्र सोलंकी के साथ मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। खरगोन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सुश्री विजयलक्ष्मी साधौ एवं उमंग सिंघार, विधायक रवि जोशी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधायक मुकेश पटेल पूर्व विधायक परसराम डंडीर ने गणेश मंदिर में पूजा अर्चन कर यात्रा की शुरूआत की। पूर्व मंत्री व विधायक कमलेश्वर पटेल ने आज चितरंगी स्थित हनुमान मंदिर में पूजा कर पूर्व सांसद मानिक सिंह, पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, जिला अध्यक्ष सिंगरौली शहर अरविंद सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सिंगरौली श्रीमती अर्चना सिंह के साथ जन आशीर्वाद यात्रा की आरंभ किया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश भर में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही प्रथम दिन की जन आक्रोश यात्रा में जनता का भारी समर्थन मिला है। प्रदेश भर की जनता ने भाजपा सरकार हो हटाने का पूरा मन बना लिया है। कांग्रेसजनों और यात्रा के मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा बनाए प्रभारियों का भी पूरा सहयोग यात्रा के दौरान मिल रहा है। यात्रा लगातार 15 दिन से अधिक चलेगी।

## उज्जैन में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम अब 22 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में राज्य-स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम उज्जैन में 22 सितंबर शुक्रवार को होगा। पहले यह 20 सितंबर को निर्धारित था।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के 3 लाख से अधिक युवाओं को 2300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण कर स्व-रोजगार से जोड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान विभिन्न जिलों की 1708 एमएसएमई इकाइयों और 10 करोड़ से 50 करोड़ की निवेश वाली 43 इकाइयों का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा 307 एमएसएमई इकाइयों, 17 क्लस्टर एवं 26 विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 71 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा।

कश्मीर के कोकेरनाग में 7 दिन से मुठभेड़ जारी

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर भी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए।

## अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर

कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है।

## शीर्ष कमांडर था उजैर खान

विजय कुमार के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं। सोमवार 18 सितंबर को सुरक्षाबलों ने जंगल से दो शव बरामद किए थे। इनमें एक की पहचान जवान प्रदीप सिंह के रूप में की गई है। प्रदीप अनंतनाग में मुठभेड़ के पहले दिन 13 सितंबर से लापता थे।

# वृक्ष काटने के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**नर्मदापुरम देशबनधु।** उप वन मंडलाधिकारी सामान्य नर्मदापुरम मानसिंह मरावी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखतवा सामान्य नीरज शर्मा के निर्देशन में परिक्षेत्र सहायक जालीखेडा परिसर रक्षक गोमती एवं अन्य स्टाफ द्वारा परिसर गोमती के कक्ष क्रमांक आर एफ 47 में एनएच 46 के समीप हरे भरे 02 सागौन के वृक्ष काटने के आरोपी सुनील मवासे निवासी जालीखेडा और हरपाल सिंह निवासी धासई ब्लॉक केसला को गेराबंधी कर पकड़ा गया। साथ ही 02 ठूंठ एवं मौके पर पड़ी काष्ठ 08 नग 0.348 घमी जिसकी कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपए है एवं एक कुल्हाडी जप्त की गई। जिसका वन अपराध प्रकरण जारी कर माननीय न्यायलय के समक्ष दोनों आरोपी को प्रस्तुत किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बरोदिया में कॉलेज और....** फैक्ट्री शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि खुरई ने मुझे प्यार और विश्वास दिया, मैंने खुरई को विकास दिया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान कमला नायक की पुस्तक वेद ज्ञान का विमोचन मुख्यमंत्री श्री चौहान और मंत्री श्री सिंह ने किया।

कार्यक्रम में जन आशीर्वाद यात्रा प्रभारी अश्विनी राय, विधायक महेश राय, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, नपा अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, नपा अध्यक्ष जयंत सिंह, सुधा विश्वनाथ लोधी सहित चारों मंडल अध्यक्ष मंच पर मौजूद थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।